चुनाव आयोग और न्यायपालिका को ऐसी घटनाओं पर स्वत: संज्ञान लेना चाहिए। यदि आज हम एक दल या डराने-धमकाने की राजनीति को स्वीकार कर लेते हैं, तो आने वाली पीढ़ियां हमसे पूछेगी कि जब लोकतंत्र का गला घोंटा जा रहा था, तब हम चुप क्यों थे याद रखें: लोकतंत्र की खूबसूरती 'सहमति' में नहीं, बल्कि 'असहमति' और 'प्रतिस्पर्धा' में है

महानगर मेट्रो की कलम से: बिना विपक्ष के संसद और बिना विकल्प के चुनाव, दोनों ही देश के भविष्य के लिए घातक हैं

शीर्षक: 13,000 करोड़ का हिसाब होने वाला है भारत आएगा

महानगर मेट्रो

लंदन/नई दिल्ली । देश की बैंकिंग व्यवस्था को चूना लगाकर फरार होने वाले हीरा कारोबारी नीरव मोदी की गर्दन अब कानून के शिकंजे में कसती नजर आ रही है। पंजाब नेशनल बैंक (PNB) के करीब 13,000 करोड़ डकार कर लंदन की ऐशगाह में छिपे नीरव मोदी को भारत लाने की प्रक्रिया अंतिम चरण में पहुंच गई है। सूत्रों के मुताबिक, अगले दो हफ्तों में नीरव मोदी की किस्मत का अंतिम फैसला हो सकता है।

ECHR का 'सीक्रेट' दांव: बंद दरवाजों के पीछे सुनवाई

फ्रांस के स्ट्रासबर्ग स्थित यूरोपीय मानवाधिकार न्यायालय (ECHR) ने इस मामले में एक बड़ा और रहस्यमयी फैसला लिया है। अदालत ने नीरव मोदी की याचिका पर सुनवाई को 'गुप्त' रखने का आदेश दिया है। पब्लिक की पहुंच से दूर: ECHR ने कहा है कि नीरव मोदी का मामला सार्वजनिक जांच के दायरे से बाहर रहेगा और इसकी सुनवाई बंद दरवाजों के पीछे होगी। गोपनीयता की शर्त: प्रेस ऑफिस ने स्पष्ट किया है कि जिन मामलों में आवेदक को 'सीक्रेसी' (गुप्तता) दी जाती है, वहां अदालत कोई भी जानकारी साझा नहीं कर सकती।

ब्रिटेन से प्रत्यर्पण की अंतिम बाधा

नीरव मोदी फिलहाल लंदन की वैंड्सवर्थ जेल की सलाखों के पीछे है। कानूनी विशेषज्ञों का मानना है कि यदि ECHR नीरव मोदी की याचिका खारिज कर देता है, तो उसके भारत प्रत्यर्पण का रास्ता पूरी तरह साफ हो जाएगा। यह उसके लिए आखिरी कानूनी कवच है, जिसके टूटने के बाद उसे सीधा भारत की जेल में शिफ्ट किया जाएगा।

'भारत सरकार और जांच एजेंसियां पूरी तरह तैयार हैं। जैसे ही लंदन की अदालत और ECHR से हरी झंडी मिलेगी, नीरव मोदी को विशेष विमान से भारत लाया जाएगा।'

महानगर मेट्रो का सवाल: क्या अब न्याय होगा

नीरव मोदी को भारत लाना केवल एक अपराधी को वापस लाना नहीं है, बल्कि यह उन लाखों ईमानदार करदाताओं की जीत होगी जिनका पैसा इस भगोड़े ने उड़ाया है।

कौशिश जारी है: क्या नीरव मोदी इस बार भी किसी कानूनी दांव-पेंच से बच निकलेगा या भारतीय जेलों की रोटियां उसका इंतजार कर रही हैं

जनता की नजर: 130 करोड़ भारतीयों की निगाहें अब यूरोपीय कोर्ट के उस फैसले पर टिकी हैं जो अगले 14 दिनों में आने वाला है। महानगर मेट्रो की हेडलाइन: हीरों की चमक फीकी पड़ी, अब तिहाड़ का अंधेरा करीब है! भगोड़े नीरव मोदी का 'गेम ओवर' होने को तैयार।

मेहुल चौकसी पर भी कसता शिकंजा

इस महा-घोटाले का दूसरा मुख्य किरदार और नीरव मोदी का मामा, मेहुल चौकसी, जो वर्तमान में बेल्जियम की जेल में बंद है, उस पर भी भारतीय एजेंसियों की पैनी नजर है। दोनों मामा-भांजे ने मिलकर PNB को जो गहरा जख्म दिया था, अब उसकी पाई-पाई वसूलने का वक्त करीब आ गया है।

जनता के टैक्स पर भ्रष्टाचार का 'रोलर': सड़क बनती चलने के लिए है या तोड़ने के लिए

प्रशासनिक अदूरदर्शिता: पहले चमचमाती सड़क, फिर गटर और पाइपलाइन के नाम पर बरपाया जाता है जेसीबी का कहर!

महानगर मेट्रो

क्या हमारे शहर की सड़कें सिर्फ इसलिए बनाई जाती हैं कि उन्हें कुछ ही दिनों बाद फिर से खोदा जा सके? यह सवाल आज शहर के हर उस नागरिक के मन में है जो रोज धूल और गड्ढों के बीच सफर करने को मजबूर है। सरकारी तंत्र और ठेकेदारों की जुगलबंदी कहें या मास्टर प्लान का अभाव, लेकिन कड़वी सच्चाई यह है कि नई सड़क बनने के हफ्ते भर के भीतर उसे खोद दिया जाता है। यह महज तकनीकी गलती नहीं, बल्कि जनता की गाढ़ी कमाई के टैक्स का सरेआम दुरुपयोग है।

विकास का उल्टा चक्र: एक कदम आगे, दो कदम पीछे नगर निगम और संबंधित विभागों की कार्यप्रणाली पर हंसा जाए या रोया जाए, यह तय करना मुश्किल है। शहर में विकास का जो 'अजीबोगरीब' मॉडल चल रहा है, वह कुछ इस तरह है:

पहला चरण: करोड़ों की लागत से डामर की नई सड़क बिछाई जाती है। नेताजी रिबन काटते हैं और विकास का ढिंढोरा पीटा जाता है।

दूसरा चरण: सड़क की खुशबू अभी गई भी नहीं होती कि अचानक 'गटर लाइन' की याद आ जाती है। जेसीबी आती है और उस मखमली सड़क के सीने को छलनी कर देती है।

तीसरा चरण: जैसे-तैसे गटर का काम पूरा होता है और पैचवर्क किया जाता है, तभी 'गैस पाइपलाइन' या 'इंटरनेट केबल' डालने का नया फरमान आ जाता है। फिर से वही खुदाई और फिर से वही बर्बादी।

जिम्मेदार कौन तंत्र या अंधा नियोजन

शहरी विकास के भारी-भरकम बजट को संभालने वाले इंजीनियरों और अधिकारियों के पास क्या कोई 'कॉमन यूटिलिटी प्लान' नहीं होता यदि गटर या पाइपलाइन डालनी ही थी, तो सड़क पहले क्यों बनाई गई जब यह सवाल जिम्मेदार अधिकारियों से पूछा जाता है, तो जवाब मिलता है– 'ग्रांट आई थी, इसलिए इस्तेमाल कर ली।' क्या ग्रांट खत्म करना ही विकास है क्या जनता को धूल फांकने और गड्ढों में गिरने के लिए छोड़ देना ही स्मार्ट सिटी का लक्ष्य है

भ्रष्टाचार की बू या तालमेल की कमी

आम जनता के बीच यह चर्चा आम है कि 'खोदो और भरो' के इस खेल के पीछे एक बड़ा खेल छिपा है। एक ही जगह पर बार-बार काम होने से ठेकेदारों की तिजोरी भरती है और बिचौलियों का कमीशन पक्का होता है। सड़क बनते समय भी मलाई और सड़क खोदते समय भी कमाई! विभागों के बीच समन्वय (Coordination) की कमी दरअसल भ्रष्टाचार का एक सुरक्षित रास्ता बन गई है।

नारी-आरक्षण: नये भारत का आधार एवं संभावनाओं का शिखर

पवन माकन
ग्रुप एडिटर, महानगर मेट्रो

नया भारत जिस विकसित राष्ट्र की कल्पना कर रहा है, उसमें नारी शक्ति की भूमिका केंद्रीय है। आज भारतीय महिलाएं हर क्षेत्र में अपनी उपस्थिति दर्ज करा रही हैं। विज्ञान, तकनीक, खेल, शिक्षा, प्रशासन और उद्यमिता-हर क्षेत्र में उनकी उपलब्धियां यह प्रमाणित करती हैं कि अवसर मिलने पर वे किसी भी चुनौती का सामना कर सकती हैं।

नारी शक्ति वंदन अधिनियम को लेकर भारत की राजनीति और समाज में जो नई चेतना उभरकर सामने आई है, वह केवल एक विधायी परिवर्तन का संकेत नहीं, बल्कि एक व्यापक सामाजिक रूपांतरण एवं नये भारत-निर्माण की संभावनाओं की प्रस्तावना है। निश्चिततौर पर भारत अब अपने विकास की धुरी में महिलाओं की सक्रिय और निर्णायक भागीदारी को अनिवार्य मानने लगा है। दशकों से लंबित महिला आरक्षण का मुद्दा केवल संसद के गलियारों तक सीमित नहीं रहा, बल्कि यह भारतीय समाज की उस अंतधार्रा से जुड़ा रहा है, जिसमें बराबरी, सम्मान और अवसर की मांग निरंतर उठती रही है। लोकसभा और विधानसभाओं में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत स्थान आरक्षित करने वाले नारी शक्ति वंदन अधिनियम को लेकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने यह सही कहा कि यह इस सदी के महत्वपूर्ण कदमों में से एक है। पहले यह अधिनियम नई जनगणना के बाद लागू होना था, पर उसमें देरी के चलते सरकार ने इसे 2011 की जनगणना के आधार पर लागू करने का निर्णय किया। इस पर विपक्षी दलों ने आपत्ति जताई है, पर इस आपत्ति को महत्व देने से अगले लोकसभा चुनाव में महिला आरक्षण लागू करना संभव नहीं होगा, क्योंकि ताजा जनगणना के आंकड़ों के आधार पर बनने वाले परिसीमन आयोग की रिपोर्ट आने में समय लगता और तब तक 2029 के आम चुनाव हो जाते। इसी कारण इस अधिनियम में संशोधन करने हेतु संसद का एक विशेष सत्र बुलाया गया है। चूंकि यह सत्र विधानसभा चुनावों के बीच बुलाया जा रहा है, इसलिए भी कई विपक्षी दलों को यह कांटों की तरह चुभन दे रहा है।

भारतीय लोकतंत्र में महिलाओं की भागीदारी का इतिहास विरोधाभासों से भरा रहा है। एक ओर देश ने इंदिरा गांधी जैसी सशक्त महिला नेतृत्व को देखा, वहीं दूसरी ओर संसद और विधानसभाओं में महिलाओं की संख्या लंबे समय तक सीमित बनी रही। वर्तमान में लोकसभा में महिलाओं की भागीदारी लगभग 15 प्रतिशत के आसपास है, जो यह बताती है कि राजनीतिक प्रतिनिधित्व के स्तर पर अभी भी एक बड़ा अंतर विद्यमान है। इस संदर्भ में महिला आरक्षण अधिनियम उस अंतर को पाटने का एक संगठित और संरचनात्मक प्रयास है। महत्वपूर्ण यह भी है कि इस अधिनियम को लागू करने के संदर्भ में जनगणना और परिसीमन को लेकर जो विवाद सामने आया है, वह भारतीय लोकतंत्र की जटिलताओं को भी उजागर करता है। सरकार द्वारा 2011 की जनगणना के आधार पर इसे लागू करने का निर्णय एक व्यावहारिक दृष्टिकोण को दशार्ता है, क्योंकि नई जनगणना और उसके बाद परिसीमन की प्रक्रिया में होने वाली देरी महिला आरक्षण

को वर्षों तक टाल सकती थी। विपक्ष की आशंकाएं अपनी जगह पर हैं, परंतु अभी तक उनके समर्थन में ठोस तथ्य सामने नहीं आए हैं।

भारतीय राजनीति में किसी भी बड़े निर्णय को राजनीतिक दृष्टिकोण से देखने की परंपरा रही है और महिला आरक्षण भी इससे अछूता नहीं है। विपक्ष द्वारा यह आरोप लगाना कि सरकार इस पहल के माध्यम से राजनीतिक लाभ लेना चाहती है, लोकतांत्रिक विमर्श का हिस्सा है। किन्तु यह भी उतना ही सत्य है कि लोकतंत्र में लिए जाने वाले अधिकांश निर्णयों के पीछे राजनीतिक गणित काम करता है। प्रश्न यह नहीं होना चाहिए कि निर्णय के पीछे राजनीतिक लाभ है या नहीं, बल्कि यह होना चाहिए कि उसका प्रभाव समाज पर कितना सकारात्मक पड़ता है। यदि महिला आरक्षण से महिलाओं की भागीदारी बढ़ती है और नीति निर्माण में उनका दृष्टिकोण शामिल होता है, तो यह संपूर्ण समाज के लिए लाभकारी होगा। पिछले कुछ वर्षों में भारतीय राजनीति में महिलाओं की भूमिका में एक उल्लेखनीय परिवर्तन देखने को मिला है। महिलाएं अब केवल मतदाता नहीं रहीं, बल्कि वे एक निर्णायक मतदाता वर्ग के रूप में उभरी हैं। 2019 के आम चुनावों में महिला मतदाताओं की भागीदारी पुरुषों के लगभग बराबर रही और कई राज्यों में उन्होंने पुरुषों से अधिक मतदान किया। यह परिवर्तन केवल संख्या का नहीं, बल्कि चेतना का संकेत है। महिलाएं अब अपने अधिकारों और हितों के प्रति अधिक सजग हो रही हैं और राजनीतिक निर्णयों को प्रभावित करने की क्षमता रखती हैं।

सरकारी योजनाओं ने भी इस परिवर्तन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उज्ज्वला योजना के माध्यम से रसोई गैस की उपलब्धता, जनधन योजना के तहत बैंकिंग सुविधा, स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत शौचालय निर्माण और मातृत्व लाभ योजनाओं ने महिलाओं के जीवन में प्रत्यक्ष सुधार किया है। इन योजनाओं का प्रभाव केवल आर्थिक या भौतिक नहीं, बल्कि सामाजिक और मनोवैज्ञानिक भी रहा है, जिससे महिलाओं का आत्मविश्वास बढ़ा है और वे सार्वजनिक जीवन में अधिक सक्रिय हुई हैं। डॉ. भीमराव अंबेडकर के विचारों को इस संदर्भ में विशेष रूप से स्मरण किया जाना चाहिए। उन्होंने भारतीय संविधान के माध्यम से समानता और न्याय के सिद्धांतों को स्थापित करते हुए महिलाओं को समान अधिकार देने की दिशा में महत्वपूर्ण कार्य किया। उनका यह विश्वास था कि किसी भी समाज की प्रगति का आकलन वहां की महिलाओं की स्थिति से किया जा सकता है। आज जब महिला आरक्षण की बात हो रही है, तो यह उसी विचारधारा का विस्तार प्रतीत होता है, जिसमें महिलाओं को केवल संरक्षण नहीं, बल्कि सशक्तिकरण का अवसर प्रदान किया जाता है।

हालांकि यह भी समझना आवश्यक है कि महिला आरक्षण अपने आप में कोई अंतिम समाधान नहीं है। यह एक आवश्यक कदम है, परंतु पर्याप्त नहीं। राजनीतिक प्रतिनिधित्व बढ़ने से महिलाओं की आवाज अवश्य मजबूत होगी, परंतु सामाजिक, आर्थिक और शैक्षिक स्तर पर समानता स्थापित करने के लिए और भी प्रयास करने होंगे। आज भी भारत में महिला श्रम भागीदारी दर लगभग 25 प्रतिशत के आसपास है, जो वैश्विक औसत से काफी कम है। शिक्षा के क्षेत्र में प्रगति हुई है, परंतु उच्च शिक्षा और तकनीकी क्षेत्रों में महिलाओं की भागीदारी को और बढ़ाने की आवश्यकता है। महिला आरक्षण के क्रियान्वयन के सामने कुछ चुनौतियां भी हैं। यह आशंका व्यक्त की जाती रही है कि कई स्थानों पर महिलाएं केवल नाममात्र की प्रतिनिधि बनकर रह जाएंगी और वास्तविक निर्णय उनके पुरुष परिजन लेंगे। पंचायत स्तर पर इस तरह के उदाहरण देखने को मिले हैं, परंतु समय के साथ महिलाओं ने इस स्थिति को बदला भी है और अपने अधिकारों को स्वयं संभालने की क्षमता विकसित की है। इसी प्रकार राजनीतिक प्रशिक्षण और नेतृत्व विकास की आवश्यकता भी महत्वपूर्ण है, ताकि महिलाएं केवल प्रतिनिधि न होकर प्रभावी नीति निमार्ता बन सकें। इसके साथ ही राजनीतिक दलों की आंतरिक संरचना में भी परिवर्तन आवश्यक है। यदि दल अपने संगठनात्मक ढांचे में महिलाओं को पर्याप्त स्थान नहीं देंगे, तो केवल आरक्षण के माध्यम से वास्तविक सशक्तिकरण संभव नहीं होगा। दलों को चाहिए कि वे महिलाओं को नेतृत्व के अवसर प्रदान करें, उन्हें चुनाव लड़ने के लिए प्रोत्साहित करें और उनके लिए अनुकूल वातावरण तैयार करें।

नया भारत जिस विकसित राष्ट्र की कल्पना कर रहा है, उसमें नारी शक्ति की भूमिका केंद्रीय है। आज भारतीय महिलाएं हर क्षेत्र में अपनी उपस्थिति दर्ज करा रही हैं। विज्ञान, तकनीक, खेल, शिक्षा, प्रशासन और उद्यमिता-हर क्षेत्र में उनकी उपलब्धियां यह प्रमाणित करती हैं कि अवसर मिलने पर वे किसी भी चुनौती का सामना कर सकती हैं। इसरो की महिला वैज्ञानिकों की सफलता, ओलंपिक में पदक जीतने वाली खिलाड़ियों का प्रदर्शन, और ग्रामीण क्षेत्रों में स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से आर्थिक सशक्तिकरण के उदाहरण इस परिवर्तन के सशक्त प्रमाण हैं। इस अधिनियम के माध्यम से यह संदेश दिया गया है कि विकास का कोई भी मॉडल तब तक पूर्ण नहीं हो सकता, जब तक उसमें आधी आबादी की समान भागीदारी सुनिश्चित न हो। हालांकि इसके क्रियान्वयन में राजनीतिक मतभेद और व्यावहारिक चुनौतियां सामने आती रहेंगी, परंतु इसकी मूल भावना पर प्रश्नचिह्न नहीं लगाया जा सकता। आवश्यकता इस बात की है कि इसे एक राजनीतिक मुद्दे के रूप में नहीं, बल्कि एक सामाजिक परिवर्तन के अवसर के रूप में देखा जाए। यदि सरकार, विपक्ष और समाज मिलकर इस दिशा में कार्य करते हैं, तो यह अधिनियम न केवल महिलाओं के लिए, बल्कि पूरे राष्ट्र के लिए एक नई दिशा निर्धारित कर सकता है। यही वह मार्ग है, जिस पर चलते हुए भारत एक सशक्त, समावेशी और विकसित राष्ट्र के रूप में अपनी पहचान को और अधिक मजबूत कर सकता है।

संपादकीय

उम्मीदों का गलियारा

निस्संदेह, दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेसवे का उद्घाटन भारत के संरचनात्मक विकास में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित हो सकता है। जो राष्ट्रीय राजधानी और उत्तराखंड के प्रवेश द्वार के बीच यात्रा के समय को छह घंटे से घटाकर ढाई घंटे करने का वायदा करता है। मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा राष्ट्र को समर्पित यह एक्सप्रेसवे उत्तराखंड ही नहीं, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र व पश्चिमी उत्तर प्रदेश में उद्योग व पर्यटन को बढ़ावा देगा। इंजीनियरिंग की विशिष्ट उपलब्धि से बढ़कर, परियोजना राजमार्गों की कल्पना में एक बड़े बदलाव का संकेत भी है। जो महज एक सड़क ही नहीं है, बल्कि कई क्षेत्रों, बाजारों और अवसरों को जोड़ने वाला महत्वपूर्ण आर्थिक गलियारा भी है। इस राजमार्ग के बनने से जहां परंपरागत मार्गों पर ट्रैफिक का दबाव कम होगा, वहीं बेहतर कनेक्टिविटी से देहरादून और मसूरी आदि अन्य हिल स्टेशनों में पर्यटन बढ़ेगा। निस्संदेह, इससे पश्चिमी उत्तर प्रदेश में आर्थिक गतिविधियों को प्रोत्साहन मिलेगा। पश्चिमी उ.प्र. के सहारनपुर व शामली जैसे जनपदों, जिन्हें विकास की दौड़ में पर्याप्त अवसर नहीं मिले, उनके लिये भी वरदान साबित हो सकता है। माना जा रहा है कि खाद्यान्न, भंडारण और रियल एस्टेट में भी इस परियोजना के लाभ नजर आएंगे। कह सकते हैं कि यह एक्सप्रेसवे भारतमाला जैसी परियोजनाओं के तहत एकीकृत, उच्च गति वाले गलियारों के लिये केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजना के लक्ष्यों को पूरा करता है। वहीं दूसरी ओर इस परियोजना की सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि इसमें विकास और पारिस्थितिक संवेदनशीलता के मध्य सामंजस्य स्थापित करने का सार्थक प्रयास किया गया है। प्रतिष्ठित राजाजी पार्क क्षेत्र से गुजरने वाला यह ऊंचा वन्यजीव गलियारा, जिसमें वन्य जीवों के लिये अंडरपास बनाये गए हैं ताकि उनके प्राकृतिक आवागमन मार्गों में किसी तरह का व्यवधान पैदा न हो। जो इस मान्यता की कसौटी पर खरा उतरता है कि विकास के बुनियादी ढांचे को प्रकृति के अनुरूप तैयार किया जाना चाहिए। हाल के वर्षों में देश की विभिन्न बड़ी विकास योजनाओं वाले क्षेत्रों में वन्य जीवों और मनुष्य के बीच जो संघर्ष बढ़ा है, वो विकास को पर्यावरण व वन्यजीवों के अधिवास के अनुकूल ढालने की जरूरत बताता है। कर्नाटक के हाथी गलियारे- जो बांदीपुर,नागरहोल और आसपास के जंगलों को जोड़ते हैं, दशार्ते हैं कि कि कैसे संपर्क मार्गों से वन्य जीवों के प्रवास-मार्ग की सुरक्षा होती है। जिससे मानव व वन्य जीवों का संघर्ष कम होता है। ऐसे में यदि दिल्ली-देहरादून राजमार्ग में अभिनव प्रयास प्रभावी साबित होते हैं, तो यह नया एक्सप्रेसवे पारिस्थितिक रूप से संवेदनशील क्षेत्रों में भविष्य की परियोजना के लिए एक आदर्श साबित हो सकता है। हालांकि, इस राजमार्ग को लेकर कुछ चिंताएं अभी बाकी हैं। राजमार्ग को पूरा करने के दौरान अंतिम समय में निर्माण कार्यों में किए गए सुधार और इसमें पहले हुई कुछ देरी की रिपोर्टों से कार्य निष्पादन की गुणवत्ता व समय सीमा के दबाव को लेकर सवाल भी उठे हैं। निस्संदेह, किसी संरचना के बुनियादी ढांचे का मूल्यांकन उद्घाटन की समय सीमा से नहीं बल्कि उसकी मजबूती, सुरक्षा उपायों और दीर्घकालिक पर्यावरणीय प्रभावों के आधार पर ही होना चाहिए।

चिंतन-मनन

संयम से जीवन की उन्नति

कार्तिय माहात्म्य प्रवचनों में पं. रामनिवास ब्रजवासी जी ने कहा शरद ऋतु में की जाने वाली उपासनाओं से जहाँ चंद्र किरणों से प्राप्त होने वाले अमृत तत्व से देह का सिंचन होता है, वहीं सूर्य की रश्मियों की प्रचुर ऊर्जा से उस अमृत तत्व की शरीर में स्थिरता होती है इसीलिए कार्तिक मास में प्रात? पवित्र नदियों में स्नान कर भगवान विष्णु शालीग्राम स्वरूप की पूजा की जाती है। इन दिनों ब्रजवासी जी कार्तिक माहात्म्य के माध्यम से श्रद्धालुओं को उपदेश दे रहे हैं। उन्होंने कहा भगवान विष्णु के सहस्त्रनाम का पाठ करने से मनुष्य के जीवन में संयम एवं धर्म में चलने की प्रेरणा मिलती है। जीवन को उन्नत बनाने में संयम का बहुत महत्व है। संयमी व्यक्ति कठिन परिस्थितियों में भी धैर्य को नहीं छोड़ता। शालिग्राम पूजन में पंचामृत का महत्व बताते हुए उन्होंने कहा गाय का दूध, दही, घी व शहद और शक्कर से शालिग्राम भगवान का अभिषेक करना चाहिए। वस्तुतः इन पांचों का मंत्रोच्चारण के साथ मिल जाना ही पाँच प्रकार के अमृतों का मिलना है। इसमें तुलसीदल डाल देने के बाद यह चरणामृत बन जाता है जिसका प्रसाद में ग्रहण कर लेने पर सभी प्रकार की आधियाँ-व्याधियाँ अर्थात मानसिक रोग तथा शारीरिक रोग दूर हो जाते हैं। हमारी उपासना विधियाँ जहाँ मनुष्य को धार्मिक बनाती है वही शारीरिक-मानसिक रूप से स्वस्थ भी बनाती है।

ज्वालामुखी बन सकती है मजदूर आंदोलन की चिंगारी

मनोज कुमार अग्रवाल

उत्तर प्रदेश सरकार ने न्यूनतम वेतन दरों में संशोधन को मंजूरी दे दी है। नोएडा में कर्मचारियों के उग्र प्रदर्शन के बाद योगी सरकार ने यह फैसला लिया है। आधिकारिक जानकारी के अनुसार ये नई अंतरिम दरें 1 अप्रैल से लागू कर दी गई हैं। नोएडा में 13 अप्रैल को हुए श्रमिकों के विरोध-प्रदर्शन के बाद आज पूरे दिल्ली-एनसीआर में हाई अलर्ट है।मजदूरों के गुस्से को देख कर सरकार आनफुट आ गयी है। केंद्र सरकार मामले की मानिटरिंग कर रही है वहीं यूपी हरियाणा राजस्थान की प्रदेश सरकारें अपने अपने स्तर पर मजदूरों के आंदोलन के शमन और मजदूरों को भड़काने वाले लोगों की पहचान करने में लगे हुए हैं। सरकार का मानना है कि यह समिति संवाद और आपसी सहमति के जरिए विवादों को सुलझाएगी, जिससे भविष्य में इस तरह की घटनाओं पर रोक लग सके और औद्योगिक माहौल स्थिर बना रहे।

उत्तर प्रदेश के कुछ क्षेत्रों में वेतन बढ़ोत्तरी समेत सामाजिक सुरक्षा के कई बिंदुओं को लेकर मजदूरों के आंदोलनों व उग्र प्रदर्शनों ने केंद्र तक को सतर्क कर दिया है। दरअसल, हरियाणा से शुरू हुई आग उत्तर प्रदेश पहुंच चुकी है। हरियाणा से सटे राजस्थान के इक्के दुक्के स्थानों पर छिटपुट घटना होकर फिलहाल शांत है। दरअसल पिछले कुछ दिनों से एलपीजी गैस नहीं मिलने से मजदूरों की परेशानी बढ़ी हुई थी और उनका गुस्सा आंदोलन में तब्दील हो गया।

पता हो कि दिल्ली से सटे नोएडा औद्योगिक क्षेत्र में मजदूरों का गुस्सा अब एक शहर तक सीमित नहीं, बल्कि पूरे दिल्ली-एनसीआर में फैला हुआ एक बड़े आंदोलन का रूप ले चुका है. वेतन वृद्धि, महंगाई और श्रम सुविधाओं को लेकर शुरू हुआ यह विरोध अब कई जिलों में असर दिखा रहा है. नोएडा में चल रहे इस आंदोलन की शुरूआत 7 अप्रैल को गुरुग्राम के मानेसर इलाके से हुई थी, जहां मजदूरों ने अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन शुरू किया था.इसके बाद यह विरोध धीरे-धीरे नोएडा और फिर ग्रेटर नोएडा पहुंचा. अब इस आंदोलन का असर गाजियाबाद, बुलंदशहर और हापुड़ तक में भी दिखाई दे रहा है. आज बड़ी संख्या में बुलंदशहर और गाजियाबाद में श्रमिकों ने प्रदर्शन किया और सड़कों को जाम कर दिया. गाजियाबाद में स्थिति इतनी खराब हो गई कि नोएडा-गाजियाबाद बॉर्डर पर कई किलोमीटर लंबा जाम लग गया.

जान लीजिए नोएडा में यह आंदोलन 9 अप्रैल को फेस-टू थाना क्षेत्र में मौजूद होजरी कंपलेक्स से शुरू हुआ. जहां गारमेंट और होजरी यूनिट्स में काम करने वाले मजदूर फैक्ट्रियों के बाहर इकट्ठा हुए. वो वेतन बढ़ाने की मांग को लेकर धरने पर बैठ गए. शुरूआत में यह प्रदर्शन पूरी तरह शांतिपूर्ण था. मजदूरों ने नारेबाजी और बातचीत के जरिए अपनी बात रखने की कोशिश कीअप्रैल से लेकर 11 अप्रैल तक आंदोलन बिना किसी हिंसा के चलता रहा. हालांकि, मजदूरों का कहना था कि उनकी मांगों पर कंपनियों और प्रशासन की ओर से कोई ठोस जवाब नहीं दिया जा रहा, जिससे उनके बीच असंतोष लगातार बढ़ता गया. मजदूरों के आंदोलन की स्थिति ने 12 अप्रैल को बड़ा मोड़ लिया. ग्रेटर नोएडा के इकोटेक थर्ड इलाके में प्रदर्शन के दौरान मिंडा कंपनी के पास हालात अचानक बिगड़ गए. इस दौरान पुलिस कार्रवाई में गोली चलने की घटना सामने आई, जिसमें एक महिला मजदूर को गोली लग गई.यह घटना पूरे आंदोलन के लिए टर्निंग प्वाइंट साबित हुई. जैसे ही गोलीकांड की खबर फैली, मजदूरों में भारी आक्रोश फैल गया और आंदोलन ने उग्र रूप ले लिया.

अगले ही दिन 13 अप्रैल यानी सोमवार की सुबह नोएडा के फेस-2, सेक्टर-62 और एनएच-9 जैसे प्रमुख इलाकों में हजारों मजदूर सड़कों पर उतर आए. इससे यातायात पूरी तरह ठप हो गया. प्रदर्शनकारियों ने सड़कें जाम कर दी. डिवाइडर पर चढ़कर नारेबाजी की. कई जगह वाहनों को रोक दिया. इस दौरान हालात तेजी से बिगड़े और कई जगह तोड़फोड़ और आगजनी की घटनाएं सामने आईं.

नोएडा के फेस-2 इलाके में कई वाहनों को नुकसान पहुंचाया गया. इससे पूरे इलाके में अफरा-तफरी का माहौल बन गया. पुलिस और मजदूर आमने-सामने आ गए. स्थिति को नियंत्रित करने के लिए पुलिस को आंसू गैस के गोले दागने पड़े. भारी पुलिस बल की तैनाती के बाद किसी तरह हालात को काबू में लाया गया, लेकिन तनाव अभी भी पूरी तरह खत्म नहीं हुआ है.

इस आंदोलन का सीधा असर नोएडा और ग्रेटर नोएडा के औद्योगिक ढांचे पर पड़ा. फेस-2 के होजरी कंपलेक्स में करीब 500 कंपनियां संचालित होती हैं. वहीं, इकोटेक थर्ड के औद्योगिक क्षेत्र में भी करीब 400 से अधिक फैक्ट्रियां और निजी कंपनियां हैं. इनमें सैकड़ों की संख्या में मजदूर काम करते हैं. दोनों प्रमुख औद्योगिक क्षेत्रों में उत्पादन प्रभावित हुआ और कई कंपनियों को अस्थायी रूप से काम बंद करना पड़ा. यह आंदोलन किसी एक कंपनी के खिलाफ नहीं, बल्कि कई कंपनियों के मजदूरों का सामूहिक विरोध है. अब इसका असर पूरे एनसीआर में दिखने लगा है. गाजियाबाद, बुलंदशहर और हापुड़ जैसे जिलों में भी मजदूर सक्रिय हो गए हैं, जिससे आने वाले दिनों में आंदोलन और व्यापक होने की आशंका है.

मजदूरों की प्रमुख मांगों में न्यूनतम वेतन बढ़ाकर 26,000 रुपये प्रति माह करना, ओवरटाइम का भुगतान दोगुनी दर से करना, साप्ताहिक अवकाश सुनिश्चित करना, समय पर वेतन भुगतान, सैलरी स्लिप देना और बोनस को सीधे बैंक खाते में समय पर भेजना शामिल है. उनका कहना है कि महंगाई के इस दौर में मौजूदा वेतन से गुजारा संभव नहीं है.

आपको बता दें राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में न्यूनतम वेतन देश में सबसे अधिक है भाजपा के लिए परेशानी बढ़ेगी क्योंकि ये चारो राज्य भाजपा शासित हैं। ऐसे में केंद्रीय स्तर पर इन राज्यों की बैठकें कर स्थिति को संभालने की कोशिश होगी। उद्योगों को भी साथ लेकर चलने की जरूरत है और मजदूरों का ध्यान रखने की भी। मजदूरों की सामाजिक सुरक्षा में कोई कमी नहीं होनी चाहिए लेकिन उद्योगों की भी सुरक्षा होनी चाहिए।

पिछले कुछ दिनों से उत्तर प्रदेश के कुछ क्षेत्रों में जिस तरह आग फैली है उसमें राजनीतिक मंशा देखी जा रही है क्योंकि अगले साल की शुरूआत में ही वहां चुनाव है। राजस्थान में भी न्यूनतम वेतन अपेक्षाकृत कम है लेकिन वहां भिवाड़ी के अलावा किसी स्थान पर कोई घटना नहीं हुई।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर राज्य सरकार ने एक उच्च स्तरीय समिति का गठन किया है। इस कमेटी का मुख्य उद्देश्य मजदूरों के हितों की सुरक्षा के साथ-साथ औद्योगिक क्षेत्रों में शांति और संतुलन बनाए रखना है। गठित समिति की कमान औद्योगिक विकास आयुक्त को सौंपी गई है खास बात यह है कि समिति में श्रमिक संगठनों के पांच प्रतिनिधियों और उद्योग संगठनों के तीन प्रतिनिधियों को शामिल कर सभी पक्षों की भागीदारी सुनिश्चित की गई है।सरकार की प्राथमिकता मजदूरों के असंतोष को दबाने कम करने और विपक्ष राजनीतिक लाभ के लिए उकसाने मे नाकाम करने की है इसके लिए सरकार मजदूरों के हित मे हर कदम उठाने को तैयार है।

हाथियों की विरासत: जैव विविधता और पर्यावरण का अनमोल हिस्सा



सुनील कुमार महला

पृथ्वी के सबसे बुद्धिमान, विशालकाय और सामाजिक जीवों में से एक हाथी को 'पारिस्थितिकी तंत्र का इंजीनियर' कहा जाता है। इनके संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाने और इनके घटते अस्तित्व को बचाने के उद्देश्य से प्रतिवर्ष 16 अप्रैल को 'हाथी बचाओ दिवस' मनाया जाता है। यहां पाठकों को जानकारी देना चाहूंगा कि वर्तमान समय में हाथी अनेक गंभीर खतरों का सामना कर रहे हैं, जिनमें अवैध शिकार (विशेषकर हाथीदांत के लिए), वनों की कटाई, प्राकृतिक आवास का विनाश, मानव-हाथी संघर्ष तथा जलवायु परिवर्तन प्रमुख हैं। हाथी जंगलों, घासभूमियों और जल स्रोतों के संतुलन में अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, इसलिए उनका संरक्षण पारिस्थितिकी तंत्र के लिए अनिवार्य है।

पाठकों को जानकारी देता चलूं कि हाथी पारिस्थितिकी तंत्र(इको-सिस्टम) को कई तरीकों से समृद्ध करते हैं।मसलन, वे फलों और पौधों को खाकर लंबी दूरी तय करते हैं और अपने मल(लीद) के माध्यम से बीजों का प्रसार करते हैं, जिससे नए पौधों का विकास होता है और वनों का विस्तार बना रहता है। घने जंगलों में चलते समय वे टहनियाँ और झाड़ियाँ तोड़ते हैं, जिससे वन का घनत्व कम होता है और सूर्य का प्रकाश जमीन तक पहुँचता है, जिससे छोटे पौधों और घास को बढ़ने का अवसर मिलता है और जैव विविधता बनी रहती है। सूखे के समय हाथी अपनी सूंड और पैरों से जमीन खोदकर पानी निकालते हैं, जिससे बने गड्ढे अन्य जानवरों के लिए भी जल स्रोत बन जाते हैं। इसके अलावा हाथियों के चलने से प्राकृतिक मार्ग (कॉरिडोर) बनते हैं, जो अन्य जीवों की आवाजाही को सरल बनाते हैं। उनका मल मिट्टी को पोषक तत्व प्रदान कर उसे उर्वर बनाता है और पौधों की वृद्धि में सहायक होता है।

बहरहाल, यदि हम यहां पर हाथियों से संबंधित आंकड़ों की बात करें तो भारत में हाथियों की उपस्थिति मुख्य रूप से कर्नाटक, असम, केरल, तमिलनाडु और ओडिशा में पाई जाती है। प्रोजेक्ट एलिफेंट (2017) के अनुसार भारत में लगभग 29,000-30,000 जंगली हाथियों का अनुमान था, जबकि 2025 की नवीनतम डीएनए आधारित गणना के अनुसार इनकी संख्या लगभग 22,446 आंकी गई है। डीएनए आधारित गणना का अर्थ है जानवरों की संख्या का अनुमान उनके आनुवंशिक पदार्थ (जेनेटिक मैटेरियल) के आधार पर लगाना, न कि केवल प्रत्यक्ष रूप से देखकर गिनना। विश्व में हाथियों की दो प्रमुख प्रजातियाँ पाई जाती हैं-अफ्रीकी हाथी जिनकी संख्या लगभग 4-5 लाख है तथा एशियाई हाथी जिनकी संख्या लगभग 50,000-60,000 के बीच है। भारत विश्व के कुल एशियाई हाथियों का 60% से अधिक हिस्सा रखता है। हाल फिलहाल, यहां यह कहना गलत नहीं होगा कि आज के समय में मानव-हाथी संघर्ष वर्तमान समय की एक गंभीर पर्यावरणीय और सामाजिक समस्या बन चुका है। इसका मुख्य कारण वनों का सिकुड़ना, कृषि विस्तार, मानव बस्तियों का बढ़ना और हाथियों के प्राकृतिक मार्गों (कॉरिडोर) का टूटना है। इसके परिणामस्वरूप हर वर्ष औसतन 500 से अधिक लोगों की मृत्यु हाथियों के हमलों में होती है। वर्ष 2023-24 में यह संख्या बढ़कर 628 तक पहुँच गई, जो पिछले पाँच वर्षों में सबसे अधिक है। पिछले पाँच वर्षों में 2,800 से अधिक मानव मौतें दर्ज की गईं, जबकि वर्ष 2009-2024 के बीच लगभग 8,000 मानव मौतें हुई हैं। सबसे अधिक प्रभावित राज्य ओडिशा, झारखंड, पश्चिम बंगाल, असम और छत्तीसगढ़ हैं।

दूसरी ओर, हाथियों की मृत्यु भी मानव गतिविधियों के कारण बड़ी संख्या में हो रही है। पिछले 16 वर्षों में 1,653 हाथियों की मौत मानवजनित कारणों से हुई है, जिनमें लगभग 69% मौतें बिजली के करंट से और लगभग 16% रेल दुर्घटनाओं से हुई हैं। पिछले पाँच वर्षों में 528 हाथियों की मौत दर्ज की गई है, जबकि प्रतिवर्ष औसतन 100 से अधिक हाथी मानव-हाथी संघर्ष में मारे जाते हैं। इसके अतिरिक्त अवैध शिकार, जहर देकर मारना तथा पटाखों या जहर मिले फलों से भी हाथियों की मृत्यु के मामले सामने आते रहे हैं। हाल ही में केरल में पटाखों से भरे फल खाने से हाथी की मृत्यु हुई तथा कर्नाटक में किसान की हाथी हमले में मृत्यु की घटना भी दर्ज की गई।

एक गंभीर घटना 20 दिसंबर 2025 को असम के होजाई जिले में हुई, जहाँ सैरंग-नई दिल्ली एक्सप्रेस

गाड़ी तेज गति से गुजर रही थी और लगभग 100 हाथियों का झुंड रेलवे ट्रैक पार कर रहा था। लोको पायलट द्वारा आपातकालीन ब्रेक लगाने के बावजूद ट्रेन नहीं रुक सकी और टक्कर हो गई, जिसमें 7 हाथियों की मौके पर तथा एक घायल हाथी की बाद में मृत्यु हो गई, इस प्रकार कुल 8 हाथियों की जान गई। यह घटना उस क्षेत्र में हुई जहाँ हाथियों का प्राकृतिक आवागमन रेलवे ट्रैक के पास से होता है, लेकिन सुरक्षा उपायों और चेतावनी प्रणालियों की कमी के चलते यह हुआ। इस प्रकार भारत में जहाँ एक ओर मानव जीवन हाथियों के कारण प्रभावित हो रहा है, वहीं दूसरी ओर हाथी भी मानव गतिविधियों से गंभीर खतरे में हैं। यह स्थिति स्पष्ट रूप से दशार्ती है कि जंगलों का संरक्षण, हाथी कॉरिडोर की सुरक्षा, सुरक्षित रेलवे और बिजली व्यवस्था, तकनीकी निगरानी (जैसे जीपीएस ट्रैकिंग और अलर्ट सिस्टम) तथा स्थानीय समुदायों की भागीदारी अत्यंत आवश्यक है, ताकि मानव और वन्यजीव दोनों के बीच संतुलन स्थापित किया जा सके और हमारा पारिस्थितिकी तंत्र व पर्यावरण सुरक्षित रह सके।

बांदा: चोरी का राज खुलने पर हैवान बना पोता, दादी को उतारा मौत के घाट,

महानगर मेट्रो ब्यूरो

बांदा। जिले में एक किशोर ने पायल चोरी के विवाद में अपनी ही दादी की गला घोंटकर हत्या कर दी। पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है। उत्तर प्रदेश में जनपद बांदा के पैलानी थाना क्षेत्र अंतर्गत खप्टिहाकलां गांव की नया डेरा बस्ती में एक सनसनीखेज हत्या का मामला सामने आया है। मंगलवार देर रात करीब डेढ़ बजे 60 वर्षीय वृद्धा सुदामा की उनके ही 15 वर्षीय चचेरे पौत्र ने गला घोंटकर हत्या कर दी। घटना के बाद पूरे इलाके में हड़कंप मच गया।

जानकारी के अनुसार, कुछ दिन पहले आरोपी किशोर ने पड़ोस की एक महिला की पायल चोरी कर ली थी। इस हरकत को सुदामा ने देख लिया और उसे डांटते हुए पायल वापस करवा दी। इसी बात को लेकर किशोर उनके प्रति नाराज हो गया और मन में बदला लेने की भावना पाल ली।

घर में अकेली पाकर दिया वारदात को अंजाम

घटना की रात सुदामा घर में अकेली थीं, जबकि उनके पति मातादीन निषाद खेत पर गेहूं की कटाई कराने गए हुए थे। इसी दौरान आरोपी किशोर ने मौका पाकर घर में घुसकर उनका गला घोंटकर मार दिया और फरार हो गया।

युवती ने देखा दिल दहला देने वाला मंजर

मंगलवार सुबह करीब 10 बजे पड़ोस की युवती पूनम दूध लेने उनके घर पहुंची। काफी देर तक दरवाजा खटखटाने के बावजूद कोई जवाब नहीं मिला तो वह बाउंड्री फांदकर अंदर गई। अंदर का दृश्य देखकर वह सन्न रह गई। सुदामा चारपाई पर मृत अवस्था में पड़ी थीं, उनके हाथ-पैर लटके हुए थे और मुंह, नाक व कान से खून निकल रहा था।

टूटी चूड़ियां और खून के निशान बने अहम सुराग

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और फॉरेंसिक टीम मौके पर पहुंची। जांच के दौरान चारपाई के पास टूटी हुई चूड़ियां और खून के निशान मिले, जो संघर्ष की ओर इशारा कर रहे थे। इन्हीं सुरागों के आधार पर पुलिस ने जांच तेज की।

पूछताछ में कबूला जुर्म

जांच के दौरान पुलिस को पता चला कि आरोपी किशोर पहले भी चोरी की घटनाओं में शामिल रहा है। शक के आधार पर उसे हिरासत में लेकर पूछताछ की गई, जिसमें उसने अपना अपराध स्वीकार कर लिया।

पुलिस ने आरोपी किशोर के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया है और उसे किशोर न्यायालय में पेश करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

आरोपी ने अपना अपराध स्वीकार कर लिया है और उसे हिरासत में ले लिया गया है। आगे की कार्रवाई जारी है।

प्लास्टिक पर सख्ती: खरीदने पर जुर्माना, लौटाने पर इनाम! समझिए क्या होगी नई नीति

महानगर मेट्रो ब्यूरो

नई दिल्ली प्लास्टिक कचरे से होने वाले प्रदूषण को रोकने के लिए राजधानी में डिपॉजिट रिटर्न स्कीम (डीआरएस) लागू करने की तैयारी है। नॉन बायोडिग्रेडेबल कचरे की समस्या से निपटने के लिए इसकी संभावनाओं को तलाशा जाएगा। इसके लिए अन्य राज्यों में लागू इस स्कीम के मॉडल का अध्ययन किया जाएगा।

पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने इस स्कीम को लागू करने की संभावनाओं को तलाशने के निर्देश दे दिए हैं। डीआरएस के तहत प्लास्टिक की वस्तुएं खरीदने पर एक रिफंडेबल डिपॉजिट लिया जाता है, जो कलेक्शन सेंटर पर वापस करने पर लोगों को लौटा दिया जाता है।

दिल्ली सरकार प्रदूषण कम करने के लिए डिपॉजिट रिटर्न स्कीम (DRS) लागू करने की तैयारी में है।प्लास्टिक सामान खरीदते समय ग्राहकों को एक रिफंडेबल डिपॉजिट (अतिरिक्त शुल्क) देना होगा।इस्तेमाल के बाद प्लास्टिक वापस करने पर यह पैसा ग्राहकों को लौटा दिया जाएगा।इसका उद्देश्य नालों में जमाव, जल प्रदूषण और मिट्टी के नुकसान को रोकना है।

स्कीम को लागू करने की संभावनाओं को तलाशने के निर्देश दिए

इसे लेकर पर्यावरण मंत्री की अध्यक्षता में हुई बैठक में चर्चा की गई। प्लास्टिक कचरा नालों को जाम कर रहा है, जल स्रोतों को प्रदूषित कर रहा है, मिट्टी को नुकसान पहुंचा रहा है और खुले में जलने से वायु प्रदूषण बढ़ा रहा है। सिरसा ने कहा कि यह स्कीम अन्य राज्यों में सफल रही है और राजधानी भी अब इसे अपनाने की दिशा में कदम बढ़ा रही है। इस संबंध में स्टैंडिंग आदेश जारी किए गए हैं। पर्यावरण विभाग को निर्देश दिए गए हैं कि वे इन मॉडलों का विस्तृत अध्ययन करें, दिल्ली के लिए उपयुक्त डीआरएस ढांचा तैयार करें।

दिल्ली के सरिता विहार में एनकाउंटर में पकड़े 6 बांग्लादेशी डकैत, आरोपियों के पास से पिस्टल, कारतूस और चाकू किए बरामद

महानगर मेट्रो ब्यूरो

दिल्ली: साउथ-ईस्ट दिल्ली के सरिता विहार इलाके में बीती रात पुलिस और बदमाशों के बीच एकनाउंटर हुआ। दोनों ओर से 6 राउंड गोलियां चलीं। हालांकि गोली किसी को नहीं लगी। इसके बाद पुलिस ने 6 बदमाशों को पकड़ा। ये सभी बांग्लादेशी हैं। जो यहां डकैती की वारदात करते थे। खबर लिखे जाने तक आरोपियों से पूछताछ की जा रही थी।पुलिस सूत्र ने बताया कि क्राइम ब्रांच की एंटी एक्सटॉर्शन किडनैपिंग सेल टीम को सूचना मिली थी कि सरिता विहार इलाके में कुछ बांग्लादेशी नागरिक अवैध रूप से रह रहे हैं। सूचना के आधार पर क्राइम ब्रांच की टीम उन्हें पकड़ने पहुंची थी। टीम ने मौके पर घेराबंदी कर बदमाशों को पकड़ने की कोशिश की तो उन्होंने आत्मसमर्पण करने के बजाय पुलिस पार्टी पर फायरिंग शुरू कर दी।

6 बांग्लादेशी बदमाशों को दबोचा

बदमाशों की ओर से कुल तीन राउंड फायर किए गए। आत्मरक्षा और अपराधियों को काबू करने के लिए पुलिस टीम ने भी जवाबी कार्रवाई में तीन राउंड गोलियां चलाईं। गनीमत रही कि इस गोलाबारी में पुलिस टीम का कोई भी सदस्य या आरोपी घायल नहीं हुआ। पुलिस ने मुस्तैदी दिखाते हुए सभी छह बांग्लादेशी बदमाशों को दबोच लिया।

बड़ी संभावित वारदात को टली

तलाशी के दौरान बदमाशों के पास से तीन देसी कट्टे, 1 देसी 12 बोर की बंदूक, पांच कारतूस और एक बटनदार चाकू बरामद हुआ। पकड़े गए सभी आरोपी मूल रूप से बांग्लादेश के रहने वाले बताए जा रहे हैं। पुलिस अब इस बात की तफ्तीश कर रही है कि ये लोग कब से दिल्ली में रह रहे थे और इनके तार किन-किन वारदातों से जुड़े हैं। साथ ही, इनके अवैध रूप से सीमा पार करने और स्थानीय संपर्कों की भी जांच की जा रही है। दावा किया जा रहा है कि सफल ऑपरेशन ने इलाके में एक बड़ी संभावित वारदात को टाल दिया है।

'स्मारक दलितों को कैसे बनाते हैं सशक्त? आंबेडकर जयंती पर BJP ने शुरू किया अभियान

महानगर मेट्रो ब्यूरो

लखनऊ : उत्तर प्रदेश में दलित स्मारकों के निर्माण या नवीनीकरण ने अनुसूचित जाति समुदाय को किस हद तक सशक्त बनाया है या बनाएगा? संविधान के शिल्पी डॉ. बीआर आंबेडकर की 135वीं जयंती के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी की ओर से चलाए जा रहे एक महत्वाकांक्षी जनसंपर्क अभियान के दौरान यह एक प्रमुख फीडबैक पैमाना होगा। इसके लिए आज यानी बुधवार से 'बस्ती संपर्क अभियान' की शुरुआत पार्टी की ओर से की गई है। इसका उद्देश्य न केवल आंबेडकर की विरासत का स्मरण करना है। यूपी बीजेपी अपने अभियान के क्रम में हाशिए पर पड़े समुदायों के लिए चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं और सरकारी पहलों की प्रभावशीलता पर जमीनी स्तर का व्यवस्थित फीडबैक भी इकट्ठा करेगा। यह पहल योगी आदित्यनाथ सरकार के उस फैसले के ठीक बाद आई है, जिसमें राज्य की सभी 403 विधानसभा सीटों में से प्रत्येक में दलित स्मारकों के

नवीनीकरण के लिए 1 करोड़ रुपये आवंटित करने का निर्णय लिया गया है।

भाजपा की रणनीति का हिस्सा

सीएम योगी के इस कदम को भाजपा की उस व्यापक रणनीति का हिस्सा माना जा रहा है, जिसके तहत वह एससी मतदाताओं के बीच अपनी पहुंच को और मजबूत करना चाहती है। साथ ही, अगले साल होने वाले बेहद अहम विधानसभा चुनावों से पहले समाजवादी पार्टी-कांग्रेस गठबंधन के पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक (PDA) नैरेटिव का मुकाबला करना भी इसका एक उद्देश्य है।

पार्टी सूत्रों के अनुसार, बीजेपी के एससी मोर्चा को इस अभियान की अगुवाई करने का ज़िम्मा सौंपा गया है, जिसमें बूथ-स्तर पर लोगों से जुड़ने पर विशेष ज़ोर दिया जाएगा। सूत्रों ने बताया कि सवर्ण और एससी, दोनों समुदायों के नेताओं से बनी टीमें विभिन्न जिलों में दलित-बहुल इलाकों का दौरा करेंगी। टीमें वहां के निवासियों से सीधे बातचीत करेंगी।

एससी मोर्चा के प्रमुख ने दी जानकारी

भाजपा प्रदेश एससी मोर्चा के प्रमुख राम चंद्र कन्नौजिया ने कहा कि यह अभियान निश्चित रूप से इस बात का आकलन करेगा कि क्या दलित स्मारकों के नवीनीकरण का सामाजिक रूप से वंचित वर्गों पर वास्तव में कोई असर हुआ है? अगर हां, तो किस हद तक। उन्होंने आगे कहा कि पार्टी कार्यकर्ता स्थानीय मुद्दों पर भी लोगों का फीडबैक लेंगे। समुदाय के कल्याण के लिए आवश्यक अतिरिक्त उपायों की पहचान करेंगे। कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जागरूकता फैलाना होगा।

ग्राहक को 'सड़क कब बनेगी?' पूछना पड़ा भारी
दुकानदार ने बेटे संग पीटा, 3 दांत तोड़कर बोला- 'लो, बन गई'

महानगर मेट्रो ब्यूरो

नोएडा।उत्तर प्रदेश में कानपुर के शारदा नगर इलाके में एक मामूली मजाक ने हिंसक रूप ले लिया। सड़क की खराब हालत पर की गई एक हल्की टिप्पणी ने ऐसा विवाद खड़ा कर दिया कि एक ग्राहक को बुरी तरह पीट दिया गया और उसके तीन दांत टूट गए। घटना ने इलाके में सनसनी फैला दी है।

क्या है पूरा मामला

रविवार शाम को निजी क्षेत्र में कार्यरत और स्थानीय निवासी अमित सिंह, अपने घर के पास स्थित एक जनरल स्टोर पर दूध लेने पहुंचे थे। दुकान के बाहर की सड़क लंबे समय से खराब पड़ी हुई है। इसी को लेकर अमित ने दुकानदार संजय सिंह भदौरिया से हल्के अंदाज में पूछ लिया कि 'सड़क कब ठीक होगी?'बताया जा रहा है कि इसी बात पर दोनों के बीच कहासुनी शुरू हो गई।

विवाद, हिंसा तक पहुंचा

पुलिस के अनुसार, टिप्पणी से नाराज होकर दुकानदार ने पहले अमित के साथ गाली-गलौज की। देखते ही देखते विवाद बढ़ गया और आरोप है कि दुकानदार ने अमित को दुकान के अंदर खींच लिया। वहां उसने अपने बेटे सौरभ के साथ मिलकर डंडों से उसकी बेरहमी से पिटाई कर दी। इस हमले में अमित के तीन दांत टूट गए और उनके शरीर पर कई गंभीर चोटें आईं।

हमले के बाद भी नहीं रुके आरोपी

पीड़ित के मुताबिक, मारपीट के बाद आरोपियों ने उसके टूटे हुए दांत उसके हाथ में रख दिए और तंज कसते हुए कहा, 'लो, अब सड़क बन गई... जाओ, FIR कर दो।' इस तरह की हरकत ने घटना को और भी चौंकाने वाला बना दिया। घटना के तुरंत बाद अमित सिंह ने डायल 112 पर कॉल कर पुलिस को सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों पक्षों को रावतपुर थाने ले गई। इस बीच, घटना से जुड़ा एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो गया, जिसमें अमित अपने टूटे हुए दांत दिखाते नजर आ रहे हैं।

समझौते के बाद थमा मामला

रावतपुर थाने के प्रभारी कमलेश राय के अनुसार, दोनों पक्षों के बीच देर शाम आपसी समझौता हो गया। इसी वजह से इस मामले में कोई औपचारिक कानूनी कार्रवाई नहीं की गई।

UP में लागू हुआ नया नियम: बिना HSRP के नहीं बनेगा PUC, भरना पड़ेगा 10000 तक का जुर्माना

महानगर मेट्रो ब्यूरो

लखनऊ : प्रदेश में वाहन मालिकों के लिए एक बड़ा बदलाव लागू कर दिया गया है। अब हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट (HSRP) के बिना किसी भी वाहन का प्रदूषण प्रमाण पत्र (PUC) जारी नहीं किया जाएगा। परिवहन विभाग ने यह नियम 15 अप्रैल से प्रभावी कर दिया है, जिससे लाखों वाहन स्वामियों पर सीधा असर पड़ेगा।

किन वाहनों पर लागू होगा नया नियम

यह नियम खासतौर पर उन वाहनों पर लागू किया गया है जो अप्रैल 2019 से पहले पंजीकृत हैं। विभाग के आंकड़ों के मुताबिक, उत्तर प्रदेश में ऐसे वाहनों की संख्या दो करोड़ से अधिक है। 1 अप्रैल 2019 के बाद खरीदे गए सभी नए वाहनों में ‖SRP पहले से ही अनिवार्य रूप से लगी होती है, इसलिए उन पर इस नियम का असर नहीं पड़ेगा।

PUC बनवाने में आएगी बाधा

परिवहन विभाग ने PUC (Polluti0Under Control) पोर्टल में तकनीकी बदलाव किए हैं। अब यदि किसी वाहन पर HSRP नहीं लगी है, तो सिस्टम उसका डेटा स्वीकार नहीं करेगा और उसका **प्रदूषण प्रमाण पत्र जारी नहीं होगा।** कानपुर के एआरटीओ (प्रशासन) आलोक कुमार सिंह ने बताया कि यह कदम सरकार के निर्देशों के तहत उठाया गया है, ताकि सभी वाहनों पर HSRP सुनिश्चित की जा सके।

जुर्माने का भी प्रावधान

अगर कोई वाहन मालिक बिना HSRP के वाहन चलाता पाया जाता है, तो उसे 10,000 रुपये तक का जुर्माना भरना पड़ सकता है। इसके अलावा PUC न होने की स्थिति में भी चालान काटा जा सकता है, जिससे दोहरी परेशानी हो सकती है।

पहले ही दी जा चुकी है चेतावनी

परिवहन विभाग की ओर से पहले ही वाहन स्वामियों को ‖SRP लगवाने के लिए कई बार चेतावनी दी जा चुकी है। इसके बावजूद कई लोग अब तक इसे नजरअंदाज कर रहे थे, जिसे देखते हुए अब सख्ती बढ़ा दी गई है।

कुछ वाहनों को मिली अस्थायी राहत

विभाग ने यह भी स्पष्ट किया है कि जिन वाहन मॉडलों के लिए अभी HSRP उपलब्ध नहीं है,

नोएडा बवाल: RJD की प्रवक्ता प्रियंका भारती और कंचना यादव पर FIR

महानगर मेट्रो ब्यूरो

नोएडा। सोमवार को भड़की मजदूरों की हिंसा के मामले में पुलिस ने आरजेडी प्रवक्ता प्रियंका भारती और कंचना यादव पर एफआईआर दर्ज की है। उत्तर प्रदेश के नोएडा में कर्मचारी एक बार फिर काम पर लौट रहे हैं। सोमवार और मंगलवार को शहर में उपद्रव, आक्रोशपूर्ण प्रदर्शन के बाद बुधवार को शांति रही। फैक्ट्रियां खुल गई हैं। कर्मचारियों काम पर लौट आए हैं। स्थिति सामान्य बनी हुई है। किसी प्रकार की उपद्रव की आशंका को देखते हुए शहर में जगह-जगह पुलिस बल को तैनात किया गया है। ड्रोन कैमरों और सीसीटीवी से संवेदनशील इलाकों की निगरानी हो रही है। शहर में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए 16 कंपनी आरएएफ और पीएसी लगाई गई है। इस बीच सरकार और प्रशासन की ओर से लगातार कर्मचारियों को शांत करने के लिए प्रयास किए गए हैं। वहीं, संवेदनशील वीडियो शेयर किए जाने के मामले में राजद प्रवक्ता प्रियंका भारती और कंचन यादव पर केस दर्ज किया गया है। नोएडा में बढ़े बवाल के बीच साइबर क्राइम पुलिस स्टेशन में राजद की दो महिला प्रवक्ताओं कंचना यादव और प्रियंका भारती के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। इन दोनों पर आरोप है कि

उन्होंने सोशल मीडिया पर भ्रामक वीडियो शेयर किया। इसके जरिए शहर में माहौल खराब करने की कोशिश की गई। शहर की कानून-व्यवस्था और पुलिस कर छवि खराब करने का प्रयास किए जाने की भी बात एफआईआर में है।

सीएम योगी ने फिर की अपील

सीएम योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को टाटा मोटर्स के कार्यक्रम में एक बार फिर कर्मचारियों से शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील की। उन्होंने कहा कि प्रदेश के कर्मचारियों की मांगों पर सहानुभूतिपूर्वक विचार किया जा रहा है। किसी भी उनके साथ अन्याय नहीं होने दिया जाएगा। साथ ही, कंपनी और कर्मचारी को एक परिवार बताते हुए सीएम योगी ने कहा कि अपने परिवार को नुकसान पहुंचा कर आप अपना ही नुकसान करेंगे। सीएम योगी ने कर्मचारियों से बाहरी लोगों के बहकावे में न आने की अपील की। वहीं, डीएम मेधा रूपम ने सभी एजेंसियों को कर्मचारियों के वेतन को लेकर सरकार के निर्णयों का पालन का निर्देश दिया गया है। उन्होंने साफ कहा कि अगर कर्मचारियों का उपद्रव होता है तो ये एजेंसियां जवाबदेह होंगी।

पुलिस ने भी कसी कमर

नोएडा पुलिस भी बुधवार सुबह से ही किसी भी प्रकार के प्रदर्शन जैसी स्थिति से निपटने के लिए तैयार दिखी। नोएडा कमिश्नर लक्ष्मी सिंह ने स्वयं मोर्चा संभाला। वे सड़कों पर दिखीं। नोएडा सेक्टर 63, 84, 85, 80, फेस 2 में पुलिस ने फ्लैगमार्च किया। पुलिस कमिश्नर ने कहा कि सरकार ने कर्मचारियों की सभी मांगों को मान लिया है। ऐसे में उपद्रव करने वालों से सख्ती से निपटा जाएगा।

कंपनियों के बाहर नोटिस

नोएडा और ग्रेटर नोएडा में सरकार और प्रशासन के दबाव का असर दिखा। कंपनियों के बाहर श्रमिकों की सैलरी बढ़ाए जाने संबंधी नोटिस चिपका दिए गए हैं। हालांकि, कुछ कंपनियों में आज छुट्टी कर दी गई है। कई कंपनियों ने नोटिस चिपका कर इस संबंध में जानकारी दी गई। गुरुवार को कंपनी खुलने या बंद रहने के संबंध में बाद में जानकारी दिए जाने की बात कही गई है।

1800 लोगों के खिलाफ केस

नोएडा में सैलरी बढ़ाने की मांग को लेकर शुक्रवार से ही कर्मचारियों का प्रदर्शन चल रहा था। सोमवार और मंगलवार को कर्मचारियों ने हिंसक प्रदर्शन किया। पथराव और तोड़फोड़ की घटनाओं को अंजाम दिया गया। श्रम मंत्री अनिल राजभर ने इस मामले में कहा है कि नोएड की घटना में बड़ी साजिश की बू आ रही है। वहीं, कंपनी मालिकों कहना है कि बाहरी लोगों ने माहौल को भड़काया। मजदूर कभी हिंसक प्रदर्शन नहीं कर सकते हैं। नोएडा हिंसा के मामले में 7 थानों में 1800 लोगों और 4 हैंडलर्स के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। पुलिस ने हिंसा और उपद्रव के मामले में चार महिलाओं समेत 396 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। नोएडा में शांति बनाए रखने के लिए एसडीएम-एडीएम के नेतृत्व में कई स्थानों पर फ्लैग मार्च किया गया।

कर्मचारियों के बीच पहुंची डीएम

डीएम मेधा रूपम बुधवार को कर्मचारियों के बीच पहुंची। उन्होंने कर्मचारियों को वेतन वृद्धि और सरकार-प्रशासन के स्तर पर लिए गए निर्णयों की जानकारी दी। ग्लोबल ऑटो टेक लिमिटेड, ग्रेटर नोएडा के श्रमिकों से संवाद करते हुए डीएम ने उनकी समस्याएं सुनी। कंपनी प्रबंधन के लोग भी इस मौके पर मौजूद रहे। डीएम ने उन्हें वेतन वृद्धि के साथ-साथ शासन की ओर से उनके हितों में लिए गए निर्णयों की जानकारी दी। साथ ही शांति एवं सौहार्द बनाए रखने की अपील की।

पूर्व प्रेमी की होने वाली दुल्हन पर फेंका एसिड, आरोपी महिला गिरफ्तार

महानगर मेट्रो ब्यूरो

दिल्ली: नॉर्थ-ईस्ट दिल्ली के गोकुलपुरी इलाके में एक रौंगटे खड़े कर देने वाली घटना सामने आई है। दरअसल वहां 21 वर्षीय युवती पर एसिड (तेजाब) से हमला हुआ है। यह हमला तब हुआ है, जब युवती दुल्हन बनने वाली थी और घर में उसकी शादी की तैयारियां चल रही थीं। आरोप है कि प्यार में पागलपन की हदें पार करते हुए एक महिला ने ही इस वारदात को अंजाम दिया। पुलिस ने 26 वर्षीय आरोपी महिला को गिरफ्तार कर लिया है। उसके खिलाफ संबंधित धारा में केस भी दर्ज कर लिया गया है।

कल दोपहर की घटना

पुलिस के मुताबिक, घटना 14 अप्रैल की दोपहर की है। गोकुलपुरी पुलिस को सूचना मिली कि इंदिरा विहार इलाके में एक युवती पर तेजाब फेंका गया है। जब पुलिस टीम मौके पर पहुंची तो पता चला कि घायल युवती को उसके परिजनों ने GTB अस्पताल में भर्ती कराया है, जहां उसका उपचार जारी है। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए फौरन केस दर्ज किया। साथ ही फरेंसिक टीम को घटनास्थल पर बुलाकर साक्ष्य जुटवाए।

ये था मामला

जांच के दौरान जो चौंकाने वाला खुलासा हुआ, वह प्रेम प्रसंग और ईर्ष्या से जुड़ा निकला। पुलिस पूछताछ में सामने आया कि पीड़िता की शादी तय हो चुकी थी। तेजाब फेंकने वाली एक महिला है, जो पीड़िता के होने वाले पति के साथ पहले से प्रेम संबंध में थी। शादी रुकवाने और ईर्ष्या के वश में आकर आरोपी महिला ने इस खौफनाक वारदात को अंजाम दिया है। पुलिस ने कुछ ही समय में आरोपी महिला को भी गिरफ्तार कर लिया।

पर्शियन बिल्लियों के थे पासपोर्ट, मालकिन विदेश घुमाने लेकर जाने वाली थी, मौत पर पहुंची थाने

महानगर मेट्रो ब्यूरो

दिल्ली: रोहिणी के बुध विहार इलाके में बीती रात कबाड़ के गोदाम में बनी झुग्गियों में भीषण आग लग गई, जिसके चलते एक झुग्गी में सो रहा पूरा परिवार उसकी चपेट में आ गया। वहां सो रहे तीनों लोग बाहर नहीं निकल पाए और उनकी जलकर मौत हो गई। मरने वालों में मुसीबुर (25), मुरार (23) और उनकी बेटी मोइमोना है। फिलहाल आग लगने की वजह साफ नहीं हो पाई है। पुलिस केस दर्ज कर मामले की छानबीन कर रही है।

दमकल विभाग के,ष्ठह्र अजय कुमार शर्मा ने बताया कि मंगलवार-बुधवार की रात करीब डेढ़ बजे बुध विहार के मांगेराम पार्क इलाके से आग लगने की सूचना मिली थी। फौरन दमकल की छह गाड़ियां मौके पर भेजी गईं। संकरी गली होने के कारण बड़ी गाड़ी अंदर नहीं पहुंच सकी, जिसके चलते दमकलकर्मियों को आग बुझाने में कड़ी मशक्कत करने पड़ी। घंटों की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। एक झुग्गी में परिवार के तीन लोग मृत मिले। झुग्गी में रखा सारा सामान भी जलकर खाक हो चुका था।

आग लगाने का लगाया आरोप

इस पूरे मामले में मृतक परिवार के परिजनों ने मामले को साजिश बताया है। उनका दावा है कि आग वहां लगाई गई थी, यह आग खुद नहीं लगी है। यही नहीं घटनास्थल के पास ऐसे कई प्लॉट हैं, जिनमे अवैध रूप से प्लास्टिक कबाड़ का काम किया जाता है। पास ही खाली पड़े सरकारी पार्क की जममीन पर इसी प्लास्टिक कबाड़ का काम होता है। इतने बड़े लेवल पर अवैध काम होना प्रशासन पर भी सवालिया निशान खड़े करता है। खबर लिखे जाने तक मामले पर पुलिस की ओर से कोई जानकारी नहीं दी गई थी।

दिल्ली में 16 अप्रैल से जनगणना का पहला चरण, जमा होगा घरों और इमारतों का डेटा

महानगर मेट्रो ब्यूरो

नई दिल्ली: राजधानी दिल्ली में जनगणना के पहले चरण की शुरुआत 16 अप्रैल से होने जा रही है, जिसमें टीमें घरों और इमारतों से जुड़ी जानकारी जुटाएंगी. यह प्रक्रिया 16 मई तक चलेगी. इसके बाद जनगणना का दूसरे चरण शुरू होगा, जिसमें लोगों की संख्या और उनके घरों में बुनियादी सुविधाओं का आंकड़ा इकट्ठा किया जाएगा.

देश की राजधानी दिल्ली में जनगणना के पहले चरण 'हाउस लिस्टिंग ऑपरेशन' की शुरुआत 16 अप्रैल से होगी. इस दौरान सभी इमारतों और घरों से जुड़ी जानकारी एकत्र की जाएगी. भारत के रजिस्ट्रार जनरल और जनगणना आयुक्त (Census Commissioner) मृत्युंजय कुमार नारायण ने बताया कि जनगणना की प्रक्रिया दो चरणों में 30-30 दिन के लिए चलेगी.

जनगणना में लगी टीमें पहले चरण में 16 अप्रैल से 15 मई तक नई दिल्ली नगर पालिका परिषद (NDMC) और दिल्ली के कैंटोनमेंट इलाकों में डेटा एकत्र करेंगी. वहीं दूसरा चरण 16 मई से 15 जून तक दिल्ली नगर निगम (MCD) के अंतर्गत आने वाले इलाकों में पूरा किया जाएगा. उन्होंने बताया कि एनडीएमसी और दिल्ली कैंटोनमेंट के लिए सेल्फ-एन्यूमरेशन (स्वयं गणना) प्रक्रिया 1 अप्रैल से शुरू होगी, जबकि एमसीडी क्षेत्रों के लिए यह 1 मई से 15 मई तक चलेगी.

ऑनलाइन भर सकेंगे जनगणना फॉर्म

मृत्युंजय नारायण के मुताबिक नागरिकों के पास खुद जनगणना प्रक्रिया पूरी करने का विकल्प होगा, जिसमें वे वेबसाइट पर जाकर रजिस्ट्रेशन कर सकते हैं और अपनी पूरी जानकारी भर सकते हैं. इसके बाद उन्हें 16 अंकों का एक कोड मिलेगा. यह कोड गणनाकर्मी (एन्यूमरेटर) के घर आने पर उसे दिया जाएगा. वह इस कोड के जरिए ऑनलाइन भरी गई जानकारी का सत्यापन करेगा. इस दौरान नागरिक जरूरत के अनुसार सुधार भी करवा सकते हैं.

लोगों को देने होंगे 33 सवालों के जवाब

देश में जनगणना दो चरणों में संपन्न होगी- पहला चरण 'हाउस लिस्टिंग ऑपरेशन' और दूसरा चरण 'पॉपुलेशन काउंटिंग' का होगा. इस बार पहली बार यह पूरी प्रक्रिया डिजिटल तरीके से की जाएगी. गणनाकर्मी एक विशेष मोबाइल ऐप का उपयोग कर जानकारी एकत्र करेंगे. इस दौरान नागरिकों से 33 सवाल पूछे जाएंगे, जिनमें घर की बुनियादी सुविधाएं, परिवार के मुखिया का नाम और लिंग, और मकान के स्वामित्व की स्थिति शामिल होगी.केंद्र सरकार की ओर से 22 जनवरी को जारी गजट अधिसूचना के मुताबिक, गणनाकर्मी घर में मौजूद कमरों की संख्या, वहां रहने वाले विवाहित जोड़ों की संख्या, पीने के पानी का मुख्य स्रोत, रोशनी का साधन, शौचालय की उपलब्धता और प्रकार, गंदे पानी की निकासी, स्नान की सुविधा, रसोई, खाना बनाने में इस्तेमाल होने वाले ईंधन जैसे- एलपीजी और पीएनजी कनेक्शन, के बारे में भी जानकारी लेंगे.इसके अलावा रेडियो, ट्रांजिस्टर, टीवी, इंटरनेट की उपलब्धता, लैपटॉप, कंप्यूटर, टेलीफोन, मोबाइल और स्मार्टफोन जैसे उपकरणों, वाहन के प्रकार, घर में उपयोग होने वाले मुख्य अनाज और जनगणना से संबंधित संदेशों के आदान-प्रदान के लिए लोगों के मोबाइल नंबर भी लिए जाएंगे. अधिसूचना में यह भी कहा गया है कि यदि कोई अधिकारी जानबूझकर जनगणना के दौरान 'आपत्तिजनक या अनुचित सवाल पूछता' है, तो दोषी पाए जाने पर उसे तीन साल तक की सजा हो सकती है.

महाराष्ट्र: अकोला में स्टोन क्रशर मालिक से वसूली, राजस्व अधिकारी पर केस दर्ज

महानगर मेट्रो ब्यूरो

अकोला. जिले में अतिरिक्त कलेक्टर प्रमोद राहुल गायकवाड़ पर स्टोन क्रशर कारोबारियों से अवैध वसूली और धमकी के आरोप में FIR दर्ज हुई. शिकायत में गायकवाड़ पर जबरन वसूली का आरोप लगाया गया है. महाराष्ट्र के अकोला जिले में एक अतिरिक्त कलेक्टर पर स्टोन क्रशर कारोबारियों से अवैध वसूली करने और धमकी देने के आरोप में मामला दर्ज किया गया है. इस बात की जानकारी एक पुलिस अधिकारी ने एक न्यूज एजेंसी को दी. अधिकारी के अनुसार आरोपी अतिरिक्त कलेक्टर प्रमोद राहुल गायकवाड़ के खिलाफ सोमवार को एमआईडीसी पुलिस स्टेशन में प्रथम सूचना रिपोर्ट (FIR) दर्ज की गई. यह कार्रवाई स्टोन क्रशर मालिकों के एक संगठन के कार्यकारी अध्यक्ष की शिकायत के आधार पर की गई है. शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया है कि गायकवाड़ ने उनसे हर महीने 15,000 रुपये की मांग की थी. जबकि संगठन से जुड़े अन्य कारोबारियों से 5000 रुपये प्रति व्यक्ति देने को कहा गया था. शिकायत में यह भी दावा किया गया है कि अधिकारी ने चेतावनी दी थी कि यदि उसकी मांगें पूरी नहीं की गईं तो वह संबंधित कारोबारियों के खिलाफ प्रशासनिक कार्रवाई करेगा. आरोप है कि गायकवाड़ ने शिकायतकर्ता से 15,000 रुपये की राशि स्वीकार भी की. पुलिस अधिकारी ने बताया कि इससे पहले 'अकोला जिला खनन और क्रशर उद्यमी संघ' ने भी गायकवाड़ के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई थी. मामले की गंभीरता को देखते हुए आरोपी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता के तहत जबरन वसूली और आपराधिक धमकी देने के आरोप, व भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत भी प्रकरण दर्ज किया गया है. प्रशासनिक स्तर पर भी कार्रवाई करते हुए राज्य सरकार ने गायकवाड़ को अनिवार्य अवकाश पर भेज दिया है. फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है और संबंधित पक्षों से पूछताछ की जा रही है. हालांकि, अतिरिक्त कलेक्टर गायकवाड़ ने अपने ऊपर लगे सभी आरोपों को निराधार बताते हुए सिरे से खारिज कर दिया है. उन्होंने कहा कि उनके खिलाफ लगाए गए आरोपों में कोई सच्चाई नहीं है. यह कार्रवाई स्टोन क्रशर मालिकों के एक संगठन के कार्यकारी अध्यक्ष की शिकायत के आधार पर की गई है. शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया है कि गायकवाड़ ने उनसे हर महीने 15,000 रुपये की मांग की थी. जबकि संगठन से जुड़े अन्य कारोबारियों से 5000 रुपये प्रति व्यक्ति देने को कहा गया था. शिकायत में यह भी दावा किया गया है कि अधिकारी ने चेतावनी दी थी कि यदि उसकी मांगें पूरी नहीं की गईं तो वह संबंधित कारोबारियों के खिलाफ प्रशासनिक कार्रवाई करेगा. आरोप है कि गायकवाड़ ने शिकायतकर्ता से 15,000 रुपये की राशि स्वीकार भी की.

शादी के बाद अफेयर, धोखा और मौत...निवाड़ी में पहले मर्डर फिर सुसाइड का सनसनीखेज खुलासा

महानगर मेट्रो ब्यूरो

मध्य प्रदेश में निवाड़ी जिले के सेंदरी थाना क्षेत्र में रविवार को हुए सनसनीखेज दोहरे हत्याकांड में मंगलवार को पुलिस अधीक्षक डॉ. रायसिंह नरवरिया ने चौंकाने वाला खुलासा किया है. कॉल डिटेल के आधार पर यह पता चला कि मृतक युवक और युवती का प्रेम प्रसंग लंबे समय से चल रहा था और मृतक युवक शादीशुदा था. जांच में यह भी खुलासा हुआ कि लड़की की कुछ समय बाद शादी होने वाली थी, लेकिन इससे पूर्व लड़के ने लड़की की हत्या कर दी और खुद ने फांसी लगा ली.

दरअसल, रविवार को सेंदरी थाना क्षेत्र के पूछा की पहाड़ी ठिमरपुरा एमपी यूपी बार्डर पर एक युवती का धारदार हथियार से कटे हुए गले का शव मिला था. युवती के शव से करीब 60 फीट दूर पेड़ पर फांसी के फंदे पर एक युवक का भी शव मिला था. मृतक युवक की पहचान 24 साल के हरेंद्र केवट रूप में हुई जो टहरौली यूपी के सिरोनी गांव का निवासी था. मामला गंभीर होने के चलते पुलिस अधीक्षक डॉक्टर राय सिंह नरवरिया स्वयं इसकी जांच पर नजर बनाये हुए हैं. अभी तक हुई प्रारंभिक जांच में और मोबाइल के आधार पर पुलिस अधीक्षक डॉ. रायसिंह नरवरिया ने बताया कि दोनों मृतकों के बीच बातचीत होती थी. घटनास्थल क मौका मुआयना करने के बाद पुलिस को यह भी पता चला है कि जहां पर यह घटना हुई है सामान्य तौर पर वहां कोई आता जाता नहीं है.

मौके से पुलिस को कुछ खाने पीने का सामान और धारदार हथियार मिला है जिससे युवती की हत्या की गई है. पुलिस ने उसे जब्त कर लिया है. इससे 60 फीट दूर एक पेड़ पर हरेंद्र केवट का फंदे पर लटका शव मिला है. पुलिस ने जांच में यह भी पता लगा लिया है कि पहले हरेंद्र ने धारदार हथियार से युवती का गला रेता, उसके बाद खुद फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली. अभी तक की जांच में पुलिस को पता चला है कि लड़की के घरवाले उसकी शादी कहीं ओर करने वाले थे और लड़के की शादी एक साल पहले हो चुकी है. बावजुद इसके वह युवती के साथ रिलेशनशिप में था. घटना के एक दिन पहले शनिवार को लड़की घर से किसी काम का बोलकर निकली थी, रविवार सुबह तक जब लड़की नहीं मिली तो लड़की के परिजनों ने थाने पर शिकायत दर्ज कराई. उसका मोबाइल चालू था, इस कारण पुलिस को उसे ढूंढने में ज्यादा परेशानी नहीं आई. उसके बाद दोनों के शव पहाड़ी पर मिले. पुलिस अधीक्षक का कहना है कि ऐसा अनुमान है कि युवती युवक पर शादी के लिये दबाव बना रही होगी और लड़का शादीशुदा होने के कारण इनकार कर रहा होगा. इसी बात से आवेश में आकर उसने युवती की हत्या कर खुद भी फांसी लगा ली हो. पुलिस अधीक्षक ने कहा कि पुलिस इस मामले में जांच कर रही है दोनों पक्षों के परिजनों के बयान के बाद ही कुछ कहा जा सकता है. बहरहाल पुलिस दोनों पक्षों के बयान लेगी, उसके बाद ही पूरे मामले का पर्दाफाश हो पाएगा.

वंदे मातरम नहीं गाने वाली कांग्रेस की महिला पार्षदों पर एफआईआर दर्ज, इंदौर पुलिस ने दोनों से की थी पूछताछ

महानगर मेट्रो ब्यूरो

इंदौर : राष्ट्रीय गीत 'वंदे मातरम' गाने से इनकार करने वाली दो कांग्रेस पार्षदों पर बुधवार को सांप्रदायिक सद्भाव बिगाड़ने के आरोप में आपराधिक मामला दर्ज किया गया। इंदौर पुलिस के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। इंदौर नगर निगम के बजट सम्मेलन के दौरान आठ अप्रैल को कांग्रेस की पार्षद फौजिया शेख अलीम ने इस्लामी मान्यताओं का हवाला देते हुए 'वंदे मातरम' गाने से इनकार कर दिया था। निर्दलीय चुनाव जीतने के बाद कांग्रेस में शामिल होने वाली एक अन्य पार्षद रुबीना इकबाल खान ने भी फौजिया के इस रुख का समर्थन करते हुए राष्ट्रीय गीत गाने से मना कर दिया था। एमजी रोड थाने में केस दर्ज अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त अमरेंद्र सिंह ने बताया कि एक शिकायत पर जांच के बाद एमजी रोड पुलिस थाने में फौजिया और रुबीना के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 196 (अलग-अलग समुदायों के आपसी सद्भाव पर प्रतिकूल प्रभाव डालने वाला कृत्य) के तहत मामला दर्ज किया गया है। उन्होंने बताया कि पुलिस ने बीते दो दिनों में दोनों पार्षदों को पूछताछ के लिए तलब किया था और उनके बयान दर्ज किए गए थे। सिंह ने बताया कि मामला संज्ञेय पाए जाने पर हमने प्राथमिकी दर्ज की है और इसकी विस्तृत जांच शुरू कर दी है।कांग्रेस पार्षदों की बढ़ेंगी मुश्किलें इंदौर में कांग्रेस की दोनों महिला पार्षदों की बढ़ी मुश्किलेंफौजिया शेख और रुबिना खान के खिलाफ एफआईआर दर्ज

वंदे मातरम नहीं गाने को लेकर केस दर्ज दोनों से पहले इंदौर पुलिस ने की थी पूछताछ थाने में हुई थी पूछताछ

दोनों पार्षदों से शिकायत के बाद इंदौर पुलिस ने पूछताछ की थी। पहले फौजिया शेख अलीम को थाने में बुलाया गया था। फौजिया शेख से करीब चार घंटे तक पूछताछ हुई थी। उसके अगले दिन रुबिना खान को बुलाया गया था। रुबिना से भी चार-पांच घंटे तक पूछताछ हुई थी। इसके बाद रुबिना खान ने माफी भी मांगी थी लेकिन पुलिस ने दोनों ने **खिलाफ केस दर्ज किया है।**

बीजेपी पार्षदों ने किया था हंगामा

दरअसल, इंदौर नगर निगम में बजट के बाद चर्चा के दौरान सदन में रुबिना खान और फौजिया शेख ने वंदे मातर गाने से मना कर दिया **था।** फौजिया ने कहा था

एमपी के इस शहर में 'गर्लफ्रेंड' करेगी जनगणना की ड्यूटी, सरकारी आदेश भी आया सामने!

महानगर मेट्रो ब्यूरो

गुना: सरकारी महकमों में बाबू और बाबूगिरी के किस्से तो आपने बहुत सुने होंगे, लेकिन गुना नगरपालिका के एक ताजा आदेश ने तो जैसे पूरी व्यवस्था को ही 'रोमांटिक' रंग में रंग दिया है। गुना जिले में जनगणना की तैयारियां परवान पर हैं। वहीं, नगर पालिका द्वारा जारी एक सूची ने शहर के गलियारों में ठहाकों और चर्चाओं का दौर शुरू कर दिया है। दरअसल, गणनाकारों की इस आधिकारिक लिस्ट में एक ऐसा नाम शामिल हो गया है, जिसे पढ़कर लोग अपनी हंसी नहीं रोक पा रहे हैं।

आदेश की पांचवीं लाइन और 'वो' नाम

दरअसल, गुना नगरपालिका ने जनगणना के दूसरे चरण के लिए 36 कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई है। गांधी वोकेशनल कॉलेज में 17 से 19 अप्रैल तक होने वाली इस ट्रेनिंग के लिए बकायदा एक सूची जारी की गई। जैसे ही यह आदेश सार्वजनिक हुआ, सबकी नजरें सीरियल नंबर 5 पर जाकर टिक गईं। यहां कर्मचारी के नाम के आगे साफ अक्षरों में

'गर्लफ्रेंड पंत' लिखा हुआ था। हद तो तब हो गई जब उनकी यूजर आईडी में भी 'girlfriend' शब्द का इस्तेमाल किया गया। सरकारी दस्तावेज में इस तरह के नाम की एंट्री देख हर कोई दंग रह गया।

गुना में गर्लफ्रेंड करेगी जनगणना

गुना में सरकारी आदेश की सूची है वायरल

गर्लफ्रेंड पंत करेंगी जनगणना

अधिकारियों ने कहा कि यह टाइपिंग एरर

कर्मचारी का नाम है प्रेमिका पंत

सर्च किया तो खुला 'प्रेमिका' का राज

आदेश वायरल होते ही जब जांच-पड़ताल का सिलसिला शुरू हुआ तो मामला और भी दिलचस्प हो गया। सूची में दिए गए मोबाइल नंबर को जब ट्रूकॉलर और अन्य डेटाबेस पर सर्च किया गया तो पता चला कि कर्मचारी का असल नाम 'प्रेमिका पंत' है। संभवतः किसी ने 'प्रेमिका' शब्द का अंग्रेजी अनुवाद करते समय अति-उत्साह में उसे 'गर्लफ्रेंड' बना डाला और मजे की बात यह रही कि आला अधिकारियों ने बिना देखे इस 'अतरंगी' नाम वाली फाइल पर अपने हस्ताक्षर भी कर दिए।

टाइपिंग मिस्टेक या लापरवाही

इस अजीबोगरीब नाम को लेकर अब नगरपालिका के गलियारों में चर्चाएं तेज हैं। हालांकि, अधिकारी अब इसे महज एक 'टाइपिंग एरर' या लिपिकीय त्रुटि बताकर पल्ला झाड़ रहे हैं, लेकिन सवाल यह उठ रहा है कि क्या सरकारी आदेशों को जारी करने से पहले उनकी ठीक से प्रूफ-रीडिंग नहीं की जाती? फिलहाल, 'गर्लफ्रेंड पंत' का यह आदेश सोशल मीडिया पर खूब सुर्खियां बटोर रहा है और लोग मजे लेते हुए कह रहे हैं कि जनगणना का काम तो बाद में होगा, फिलहाल तो लोग इस नाम की ही 'गणना' करने में जुटे हैं।

सांसद बाद में बनना, पहले काम दिखाओ', विधायक पन्नालाल शाक्य न भरे मंच से कलेक्टर को घेरा,

महानगर मेट्रो ब्यूरो

गुना:शहर के शुभ विदाई गार्डन में डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती के उपलक्ष्य में जिला प्रशासन द्वारा कार्यक्रम आयोजित किया गया था। यह कार्यक्रम उस समय चर्चा का केंद्र बन गया, जब क्षेत्रीय विधायक पन्नालाल शाक्य ने अपने संबोधन के दौरान प्रशासनिक कार्यप्रणाली और सामाजिक संगठनों पर तीखे वाक-प्रहार किए। विधायक ने न केवल कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल की कार्यशैली पर कटाक्ष किया, बल्कि भीम आर्मी को भी नसीहत देते हुए विवादित बयान दे डाला।

कलेक्टर की सांसद वाली तारीफ पर कसा तंज

मंच से कलेक्टर को सीधे संबोधित करते हुए विधायक पन्नालाल शाक्य ने बड़े ही चुटीले और तल्ख अंदाज में कहा कि आपकी कार्यक्षमता को लेकर लोग आपकी तारीफों के कसीदे पढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा, लोग कह रहे हैं कि आप सांसद बनो, लेकिन मेरा कहना है कि सांसद बाद में बनना, पहले गुना के लिए कुछ धरातल पर करके दिखा दो। विधायक ने कलेक्टर को कुशल प्रशासक बताते हुए कहा कि आपके पास दिल्ली, भोपाल और स्थानीय स्तर से कई फोन आएंगे, लेकिन आपको अपनी प्रशासनिक क्षमता को उजागर कर यहां परिणाम देने होंगे।

गुनिया नदी सफाई और अतिक्रमण पर दी हिदायत

विधायक ने अपने संबोधन में शहर की जीवनदायिनी मानी जाने वाली गुनिया नदी की सफाई का मुद्दा भी उठाया। उन्होंने कलेक्टर द्वारा चलाए जा रहे सफाई अभियान की सराहना तो की, लेकिन साथ ही एक चेतावनी भरा सुझाव भी दिया।

शाक्य ने कहा, मैंने पहली ही बैठक में स्पष्ट कर दिया था कि नदी का बहाव क्षेत्र सिंगवासा से चिल्का तक पूरी तरह साफ होना चाहिए। इस अभियान के बीच में कोई राजनीतिक या रसूखदार अवरोध नहीं आना चाहिए। काम शुरू किया है तो इसे पूर्णता तक लेकर जाएं।

कथित राजनीतिक आर्मी संगठनों पर निशाना

विधायक यहीं नहीं रुके, उन्होंने कथित राजनीतिक संगठनों के नाम पर भी कड़ा प्रहार किया। उन्होंने संगठन के अस्तित्व पर सवाल उठाते हुए कहा कि अलग से आर्मी बनाने की क्या आवश्यकता है?

उन्होंने तंज कसते हुए कहा, यदि आप वास्तव में इतने ही बड़े शूरवीर और योद्धा हैं, तो अपनी ताकत दिखाने के लिए देश की मुख्यधारा अग्निवीर योजना में भर्ती हों। ऐसी अलग सेनाएं बनाकर क्या आप देश में गृहयुद्ध जैसी स्थिति पैदा करना चाहते हैं?

प्रशासन को यह समझना होगा कि जनता को परिणामों की दरकार है। तारीफों से काम नहीं चलता। गुनिया नदी की सफाई हो या अतिक्रमण, कलेक्टर साहब को दिल्ली-भोपाल की परवाह किए बिना धरातल पर काम करना होगा। पन्नालाल शाक्य, विधायक, गुना

मौजूद रहे जिले के दिग्गज

इस गरिमामयी लेकिन तीखी बयानबाजी वाले कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र सिकरवार, पूर्व विधायक गोपीलाल जाटव, राजेंद्र सलूजा, नगरपालिका अध्यक्ष सविता अरविंद गुप्ता, सांसद प्रतिनिधि हरिसिंह यादव और स्वयं कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल सहित प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी एवं गणमान्य नागरिक मौजूद थे।

विधायक के इन खुले बयानों के बाद जिले के राजनीतिक और प्रशासनिक गलियारों में हलचल तेज हो गई है और उनके कलेक्टर के सांसद बनने वाले तंज को लेकर लोग तरह-तरह के कयास लगा रहे हैं।

आशा भोंसले के नाम पर मध्य प्रदेश सरकार शुरू करेगी राष्ट्रीय सम्मान, सुर सम्राज्ञी को मोहन यादव सरकार की बड़ी श्रद्धांजलि

महानगर मेट्रो ब्यूरो

भोपाल: भारतीय संगीत के स्वर्णिम युग की एक और महान आवाज हमेशा के लिए खामोश हो गई है। रविवार, 12 अप्रैल 2026 को मुंबई के ब्रीच कैंडी अस्पताल में 92 वर्ष की आयु में सुर सम्राज्ञी आशा भोंसले का निधन हो गया। मध्य प्रदेश सरकार ने इस महान हस्ती की विरासत को संजोने और उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि देने के लिए उनके नाम पर एक विशेष 'राष्ट्रीय पुरस्कार' शुरू करने का ऐतिहासिक फैसला लिया है।

लता मंगेशकर के बाद अब आशा भोंसले के नाम पर सम्मान

मध्य प्रदेश के संस्कृति और पर्यटन मंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी ने पुष्टि की है कि मुख्यमंत्री मोहन यादव के साथ इस प्रस्ताव पर अंतिम चर्चा के बाद पुरस्कार की रूपरेखा तय की जाएगी। मंत्री लोधी के अनुसार, 'राज्य में पहले से ही लता मंगेशकर के नाम पर राष्ट्रीय पुरस्कार प्रदान किया जाता है। अब उनकी छोटी बहन और संगीत जगत की दिग्गज आशा भोंसले के नाम पर पुरस्कार स्थापित करना एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर होगा।'

प्रस्तावित आशा भोंसले एक्सीलेंस अवॉर्ड का उद्देश्य न केवल स्थापित कलाकारों को सम्मानित करना होगा, बल्कि इसके जरिए उभरते हुए गायकों को नकद पुरस्कार, प्रदर्शन के अवसर और मेंटरशिप भी प्रदान की जाएगी। यह कदम मध्य प्रदेश सरकार के उस अभियान का हिस्सा है, जिसके तहत राज्य की सांस्कृतिक विरासत और संगीत प्रतिभाओं को वैश्विक मंच दिया जा रहा है।

आठ दशकों का सफर और 12,000 गीतों का जादू

आशा भोंसले का संगीत सफर किसी चमत्कार से कम नहीं रहा। 1943 में मात्र 10 साल की उम्र से गायकी शुरू करने वाली आशा ताई ने आठ दशकों के करियर में कई भाषाओं में 12,000 से अधिक गाने रिकॉर्ड किए, जिसके लिए उनका नाम गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड में भी दर्ज है। उनकी बहुमुखी आवाज ने फिल्मी गीतों से लेकर गजल, भजन और पॉप संगीत तक, हर विधा को जीवंत किया। साल 2000 में उन्हें दादा साहब फाल्के और 2008 में पद्म विभूषण से सम्मानित किया गया था।

आशा भोंसले केवल एक गायिका नहीं, बल्कि भारतीय संगीत की एक जीवंत संस्था थीं। उनके नाम पर पुरस्कार शुरू करना मध्य प्रदेश के लिए गर्व का विषय है। यह सम्मान न केवल उनकी यादों को संजोएगा, बल्कि संगीत की दुनिया में नए सितारों को चमकने का मौका देगा। धर्मेंद्र सिंह लोधी, संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री, मध्य प्रदेश

अधिकारियों का मानना है कि यह पुरस्कार आने वाली पीढ़ियों के लिए एक प्रेरणा बनेगा। जिस तरह आशा ताई ने अपनी मेहनत से एक अलग पहचान बनाई, यह पुरस्कार भी संगीत की नई पौध को उसी ऊंचाई तक पहुंचने का हौसला देगा। हालांकि पुरस्कार की शुरुआत की तारीख अभी घोषित नहीं हुई है, लेकिन इस पहल ने देशभर के संगीत प्रेमियों के बीच एक सकारात्मक लहर पैदा कर दी है।

फर्जी IRS अधिकारी पर केस दर्ज

महानगर मेट्रो ब्यूरो

महाराष्ट्र के ठाणे जिले में एक महिला से उसके बेटे का एडमिशन दिलाने के नाम पर 12.5 लाख रुपये की ठगी का मामला सामने आया है. एक एजेंसी के मुताबिक पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि आरोपी ने खुद को एक वरिष्ठ सरकारी अधिकारी बताकर महिला का विश्वास जीता और पैसे ऐंठ लिए.

पुलिस के अनुसार यह घटना दिवा इलाके की है, जहां आरोपी और पीड़ित महिला एक ही हाउसिंग कॉम्प्लेक्स में रहते थे. आरोपी ने महिला से परिचय बढ़ाते हुए खुद को इंडियन रेवेन्यू सर्विस (IRS) का अधिकारी बताया और दावा किया कि विभिन्न सरकारी विभागों में उसका अच्छा-खासा प्रभाव है. इसी प्रभाव का हवाला देते हुए उसने महिला को भरोसा दिलाया कि वह उसके बेटे का एडमिशन **आईआईटी, बॉम्बे में करवा सकता है.**

मुंब्रा पुलिस स्टेशन के एक अधिकारी ने बताया कि आरोपी ने वर्ष 2023 के दौरान अलग-अलग किस्तों में महिला से कुल 12 लाख 50 हजार रुपये ले लिए. महिला ने अपने बेटे के भविष्य को देखते हुए आरोपी पर भरोसा कर रकम दे दी. हालांकि, काफी समय बीत जाने के बावजूद जब एडमिशन की प्रक्रिया पूरी नहीं हुई, तो महिला को संदेह हुआ.

जब महिला ने आरोपी से इस संबंध में पूछताछ की, तो वह टालमटोल करने लगा और स्पष्ट जवाब देने से बचता रहा. अंततः जब महिला को एहसास हुआ कि उसके साथ धोखाधड़ी हुई है, तो उसने इस सप्ताह की शुरुआत में पुलिस से संपर्क कर शिकायत दर्ज कराई.

पुलिस ने शुरू की जांच

पुलिस ने बताया कि सोमवार को आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी, जालसाजी संबंधित धाराओं के तहत प्राथमिकी (FIR) दर्ज की गई है. फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है और आरोपी की भूमिका की विस्तार से पड़ताल की जा रही है. पुलिस अधिकारियों ने नागरिकों से अपील की है कि वे इस प्रकार के झांसे में न आएं और किसी भी शैक्षणिक संस्थान में प्रवेश के लिए केवल आधिकारिक प्रक्रिया का ही पालन करें.

'अंडरकवर महिला पुलिस, मलेशिया लिंक, TCS नासिक में यौन उत्पीड़न और धर्मांतरण केस में खुलासे पर खुलासे

महानगर मेट्रो ब्यूरो

नासिक : महाराष्ट्र के नासिक में टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज़ (TCS) के BPO कैंपस के अंदर संदिग्ध गतिविधियों के बारे पुलिस को एक गुप्त सूचना मिली। यह सूचना पुलिस को इस साल फरवरी में मिली। पुलिस ने इस पर एक सीक्रेट ऑपरेशन शुरू किया। इस ऑपरेशन में महिला पुलिसकर्मियों को टीसीएस के उस दफ्तर में हाउसकीपिंग स्टाफ़ के तौर पर तैनात किया गया। इस कार्रवाई के ज़रिए एक कथित धर्मांतरण रैकेट का पर्दाफ़ाश हुआ। इस केस ने पूरे देश में हलचल मचा दी। लव जिहाद, लैंड जिहाद और अब कार्पोरेट जिहाद जैसे चर्चाएं शुरू हो गई है। महाराष्ट्र की सियासत गरमाई है। इसी बीच इस रैकेट के अंतरराष्ट्रीय तार जुड़ने की भी आशंका है। पुलिस ने इसकी भी जांच शुरू कर दी है।जांचकर्ताओं का कहना है कि जांच के दौरान एक WhatsApp चैट मिली। इसमें मलेशिया से जुड़े कुछ संदिग्ध शामिल हैं। एक स्पीकर और पीड़ितों के बयानों से भी इस केस के अंतरराष्ट्रीय लिंक के तार मिले हैं। सारी बातें इस ओर इशारा करती है कि ञ्जष्टस् दफ़्तर के भीतर से ही एक कहीं ज़्यादा बड़ा नेटवर्क संचालित हो रहा है।

अब तक 9 एफआईआर, 12 केस सामने आए

स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम के सूत्रों ने बताया कि अब तक कम से कम 12 कर्मचारियों की पहचान कथित टारगेट के तौर पर की गई है, जो पहले नौ थी। अब तक नौ FIR की गई हैं, जिन्हें आठ महिलाओं और एक पुरुष ने दर्ज कराया है। इन FIR में यौन उत्पीड़न, शादी का झांसा देकर रेप, धार्मिक हेरफेर और धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने जैसे गंभीर आरोप लगाए गए हैं।

18 से 25 साल की लड़कियां टारगेट

FIR के मुताबिक, आरोपी कर्मचारियों ने कथित तौर पर अपनी महिला सहकर्मियों के साथ छेड़छाड़ की और उन पर ज़बरदस्ती धर्म परिवर्तन करने का दबाव डाला। 18 से 25 साल की उम्र की महिलाओं द्वारा रिपोर्ट की गई ये घटनाएं, कथित तौर पर दो से तीन साल की अवधि में हुईं, जिनकी शुरुआत लगभग 2022 में हुई थी। 9 कर्मचारियों के अलावा, तीन और लोग भी इस रैकेट से प्रभावित हुए हैं और उनके बयान दर्ज कर लिए गए हैं। हालाकि, सामाजिक बदनामी और निजी चिंताओं का हवाला देते हुए, उन्होंने अभी तक औपचारिक शिकायतें दर्ज नहीं की हैं। पुलिस ने बताया कि अब तक छह आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है। इनमें कई टीम लीडर और इंजीनियर हैं। वहीं अन्य के खिलाफ जांच जारी है। ञ्जष्टस् ॥क्र मैनेजर निदा खान अभी भी फरार है। जांचकर्ता उसकी भर्ती प्रक्रियाओं और संगठन के भीतर उसकी भूमिका की बारीकी से जांच कर रहे हैं। विदेश में नौकरी और लग्जरी लाइफ का लालचसख्त नीति का पालन करता है, और इस बात की पुष्टि की कि जिन कर्मचारियों के ख़िलाफ़ जांच चल रही है,

मुंबई में कल नहीं आएगा, भिवंडी में भी शनिवार को वॉटर कट, देखिए प्रभावित इलाकों की पूरी लिस्ट

महानगर मेट्रो ब्यूरो

मुंबई: भिवंडी और मुंबई में पानी सप्लाई को लेकर बड़ा अपडेट है। मुंबई के कई इलाकों में 16 अप्रैल को पानी सप्लाई पूरी तरह बंद रहेगी, जबकि कुछ जगहों पर पानी का प्रेशर कम रहेगा। 17 को भी पानी नहीं आएगा। बीएमसी द्वारा शिवडी क्षेत्र में बटरफ्लाई वॉल्व लगाने का काम किया जा रहा है। इसके कारण करीब 18 घंटे तक पानी आपूर्ति प्रभावित रहेगी। यह कार्य 16 अप्रैल सुबह 10 बजे से शुरू होकर 17 अप्रैल 4 बजे तक चलेगा। इसके चलते दक्षिण और मध्य मुंबई के कई हिस्सों में वॉटर सप्लाई प्रभावित रहेगी। वहीं भिवंडी में शनिवार 18 अप्रैल को पानी नहीं आएगा।

16 अप्रैल को इन इलाकों में पानी सप्लाई बंद

BMC प्रशासन के अनुसार, 16 अप्रैल को पी. डी' मेलो रोड, सीएसएमटी, सेंट जॉर्ज अस्पताल, आरबीआई क्षेत्र, उमरखाडी, चिंचबंदर, मस्जिद बंदर, दाणाबंदर, वाडीबंदर, डॉकयार्ड रोड, माझगांव, घोडपदेव, शिवडी, परेल, लालबाग, दादर, हिंदमाता, आचार्य दोंदे मार्ग और बीपीटी क्षेत्र सहित कई इलाकों में पानी सप्लाई बंद रहेगी।

17 अप्रैल को यहां नहीं आएगा पानी

जबकि 17 अप्रैल को अभ्युदय नगर, वडाला (पूर्व), शिवडी, भायखला, नागपाडा, मोहम्मद अली रोड और जेजे रोड के आसपास के इलाकों में पानी सप्लाई बंद या कम दबाव से होगी। इसके अलावा मदनपुरा, नागपाडा, कामाठीपुरा, आग्रीपाडा, चिंचपोकली, काला चौकी, दादर और परेल के कुछ हिस्सों में भी कम दबाव से पानी मिलेगा।

लखीमपुर खीरी में अम्बेडकर की मूर्ति खंडित होने पर बवाल, भीड़ ने की पत्थरबाजी

-20 पुलिसकर्मी घायल, कई गाड़ियों को फूंका, पुलिस ने किया लाठीचार्ज

लखीमपुर खीरी (एजेंसी)। लखीमपुर खीरी जिले के मैलानी थाना क्षेत्र अंतर्गत बांकेगंज कस्बे में मंगलवार को अंबेडकर जयंती पर बाबा साहब की मूर्ति स्थापना के विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। सरकारी जमीन पर बिना अनुमति मूर्ति रखने की कोशिश में आयोजकों और अन्य लोगों में झड़प हुई, जिससे मूर्ति गिरकर खंडित हो गई। आक्रोशित भीड़ ने मौके पर पहुंची पुलिस टीम पर हमला कर दिया। पत्थर बरसाए और कई सरकारी गाड़ियों में तोड़फोड़ कर आग लगा दी। पुलिस ने स्थिति को नियंत्रित करने लाठीचार्ज किया। घटना में 20 पुलिसकर्मी और एक स्थानीय पत्रकार घायल हुआ है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक बांकेगंज कस्बे की एक सरकारी भूमि पर मूर्ति स्थापना को लेकर लंबे समय से विवाद था। सहमति बनी थी कि केवल बाबा साहब की तस्वीर पर माल्यार्पण होगा, लेकिन कुछ लोग चुपके से मूर्ति ले आए। एक चश्मदीद महिला के मुताबिक कुछ लोगों ने जबरन मूर्ति स्थापित करने की कोशिश की, जिसका विरोध होने पर मारपीट शुरू हो गई। इस खींचतान के दौरान मूर्ति गिरकर खंडित हो गई, जिससे वहां मौजूद सैकड़ों लोगों का गुस्सा भड़क उठा और उन्होंने विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया। हंगामे की सूचना मिलते ही जब पुलिस बल मौके पर पहुंची, तो अराजक तत्वों ने उन पर हमला कर दिया। उग्र भीड़ ने न केवल मारपीट की, बल्कि पुलिस की गाड़ियों में तोड़फोड़ कर उन्हें आग के हवाले कर दिया। हालात इतने बेकाबू हो गए कि पुलिस को बचाव में हल्का बल प्रयोग और लाठीचार्ज करना पड़ा। इस दौरान पत्थरबाजी में कई जवान घायल हुए हैं। पुलिस ने खंडित मूर्ति को कब्जे में लेकर थाने भिजवाया ताकि माहौल और न बिगड़े। मामले की गंभीरता देखते हुए डीएम और एसपी भारी पुलिस फोर्स के साथ बांकेगंज पहुंचीं। इलाके में एहतियातन सुरक्षा बढ़ा दी गई है और शांति व्यवस्था बनी हुई है।

आंध्र प्रदेश में सिलेंडर ब्लास्ट से तबाही, तीन मजदूरों की दर्दनाक मौत

अमरावती (एजेंसी)। आंध्र प्रदेश के श्री सत्य साईं डिस्ट्रिक्ट से बुधवार को एक दर्दनाक हादसे की खबर सामने आई, जहां रसोई गैस सिलेंडर फटने से तीन मजदूरों की मौत हो गई। धमाका इतना भीषण था कि इसकी चपेट में आकर दो रिहायशी मकान पूरी तरह ढह गए, जिससे इलाके में हड़कंप मच गया। यह घटना जिले के कादिरआई मंडल के कामरावारीपल्ली गांव में दोपहर करीब 12:30 बजे हुई। पुलिस अधीक्षक एस सतीश ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि जिस घर में विस्फोट हुआ, वहां तेलंगाना के प्रवासी मजदूर रह रहे थे। प्रारंभिक जांच के अनुसार, सिलेंडर में गैस रिसाव के कारण यह विस्फोट हुआ, जिसके बाद आग तेजी से फैल गई। धमाके के कारण आसपास तेज कंपन हुआ और दो मकान जमींदोज हो गए। मलबे में दबने और आग की चपेट में आने से तीन मजदूरों की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद पुलिस और बचाव दल तुरंत मौके पर पहुंचे और राहत कार्य शुरू किया। स्थानीय लोगों ने भी बचाव अभियान में मदद की। हालांकि, विस्फोट की तीव्रता इतनी अधिक थी कि पीड़ितों को बचाया नहीं जा सका। प्रशासन ने मामले की जांच शुरू कर दी है और विस्फोट के सटीक कारणों का पता लगाया जा रहा है।

3 जुलाई से शुरू हो रही बाबा बर्फानी यात्रा के लिए रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया शुरु

जालंधर (एजेंसी)। लाखों शिव भक्तों के लिए खुशखबरी आई है। 3 जुलाई से शुरू होने वाली बाबा बर्फानी की अमरनाथ यात्रा 2026 के लिए रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया बुधवार से शुरू हो गई है। पहले ही दिन सुबह से विभिन्न बैंकों के बाहर श्रद्धालुओं की लंबी कतारें दिखाई दी। अनुमान है कि इस बार भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु यात्रा में शामिल होगा। इस देखकर प्रशासन सुरक्षा और स्वास्थ्य सुविधाओं को लेकर पूरी तरह अलर्ट है। श्रद्धालु अपनी सुविधा के अनुसार ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों माध्यमों से पंजीकरण कर सकते हैं। बात दें कि पहलगाम रास्ते में चढ़ाई अपेक्षाकृत आसान है, लेकिन समय अधिक लगता है, जिसकी दूरी करीब 46 किमी है। जबकि बालटाल वाला रास्ता छोटा है, करीब 14 किमी है, लेकिन इसकी चढ़ाई काफी कठिन मानी जाती है। श्रद्धालु अपनी सुविधा के अनुसार ऑनलाइन या ऑफलाइन दोनों माध्यमों से पंजीकरण करा सकते हैं। भक्त श्राइन बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट या मोबाइल एप पर जाकर आवेदन कर सकते हैं। इसके लिए फोटो और हेल्थ सर्टिफिकेट अपलोड करना अनिवार्य होगा। वहीं ऑफलाइन के लिए देशभर की अधिकृत बैंक शाखाओं में जाकर रजिस्ट्रेशन कराया जा सकता है। यहाँ पहले आओ-पहले पाओ के आधार पर परमिट जारी किए जाते हैं। प्रति व्यक्ति पंजीकरण शुल्क 150 रुपये निर्धारित किया गया है। यात्रा की दुर्गमता को देखकर श्राइन बोर्ड ने कुछ सख्त नियम बनाए हैं, यात्रियों के पास 8 अप्रैल 2026 के बाद अधिकृत डॉक्टर द्वारा जारी किया गया अनिवार्य स्वास्थ्य प्रमाण पत्र (सीएचसी) होना चाहिए। केवल 13 से 70 वर्ष की आयु के लोग ही यात्रा कर सकते हैं। 6 सप्ताह से अधिक की गर्भवती महिलाओं को यात्रा की अनुमति नहीं दी जाएगी।

जहरीली गैस के कारण दम घुटने से दो लोगों की मौत

हरदोई (एजेंसी)। उत्तरप्रदेश के हरदोई जिले के जलालपुर गांव में दर्दनाक हादसा हुआ, जिसमें जहरीली गैस के कारण दम घुटने से दो लोगों की मौत हो गई, जबकि एक युवक गंभीर रूप से बीमार हो गया। जानकारी के अनुसार, ग्राम प्रधान विद्यावती के पति सुरेंद्र अपने घर में बने सीमेंट के टैंक को गेहूं भंडारण के लिए साफ करवा रहे थे। इस टैंक में पहले तिरपाल बिछाकर उसके ऊपर भूसा डाला गया था, जिससे अंदर जहरीली गैस बन गई थी। सफाई के दौरान गांव के कैलाश सबसे पहले टैंक में उतरे, लेकिन अंदर पहुंचते ही उन्हें सांस लेने में दिक्कत हुई और वे बेहोश हो गए। कैलाश को बचाने के लिए सुरेंद्र तुरंत टैंक में उतरे, लेकिन वे भी गैस की चपेट में आकर अचेत हो गए। इसके बाद तीसरे युवक प्रमोद को रस्सी के सहारे नीचे भेजा गया, मगर वह भी जहरीली गैस के कारण बेहोश हो गया। इसके बाद ग्रामीणों ने तत्परता दिखाकर रस्सी की मदद से प्रमोद को बाहर निकाला और किसी तरह अन्य दोनों को भी बाहर निकाला। तीनों को तुरंत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने सुरेंद्र और कैलाश को मृत घोषित कर दिया, जबकि प्रमोद का इलाज जारी है। इस घटना ने गांव में शोक की लहर दौड़ा दी है और जहरीली गैस से जुड़े खतरों के प्रति सतर्कता की आवश्यकता को उजागर किया है।

पवन खेड़ा को सुप्रीम कोर्ट से झटका, तेलंगाना हाईकोर्ट की जमानत पर लगी रोक

असम सरकार की अपील पर सुनवाई

नई दिल्ली (एजेंसी)। कांग्रेस नेता पवन खेड़ा को सुप्रीम कोर्ट से बड़ा झटका लगा है। शीर्ष अदालत ने बुधवार को सुनवाई करते हुए तेलंगाना हाईकोर्ट द्वारा दी गई ट्रांजिट अग्रिम जमानत पर रोक लगा दी। यह मामला असम पुलिस द्वारा दर्ज मानहानि और जालसाजी के आरोपों से जुड़ा है।

दरअसल, असम के मुख्यमंत्री हेमंता विस्व सरमा की पत्नी रिनीकी भुइयां शर्मा ने पवन खेड़ा के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई थी। खेड़ा पर आरोप है कि उन्होंने रिनीकी भुइयां के पास कई देशों के पासपोर्ट होने का दावा किया था, जिसे लेकर विवाद खड़ा हुआ। संभावित गिरफ्तारी से बचने के लिए पवन खेड़ा ने तेलंगाना हाईकोर्ट का रुख किया था, जहां से उन्हें एक सप्ताह की ट्रांजिट अग्रिम जमानत मिल गई थी। हालांकि, इस फैसले को असम सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी, जिस पर अब शीर्ष अदालत ने रोक लगा दी है।

मामले की सुनवाई जस्टिस जे.के. माहेश्वरी और जस्टिस अतुल एस. चंदुरकर की पीठ ने की।

अदालत ने अपने आदेश में स्पष्ट किया कि यदि पवन खेड़ा असम के सक्षम न्यायालय में अग्रिम जमानत के लिए आवेदन करते हैं, तो सुप्रीम कोर्ट के इस अंतरिम आदेश का उस पर कोई प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़ेगा। सुनवाई के दौरान असम सरकार की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने तेलंगाना हाईकोर्ट के अधिकार क्षेत्र पर सवाल उठाए। उन्होंने दलील दी कि याचिका में यह स्पष्ट नहीं किया गया कि जब कथित अपराध गुवाहाटी में हुआ, तो तेलंगाना हाईकोर्ट का क्षेत्राधिकार कैसे बनता है।

इसके साथ ही आधार कार्ड से जुड़े एक पहलू पर भी बहस हुई। अदालत को बताया गया कि याचिका दाखिल करते समय पवन खेड़ा की ओर से उनकी पत्नी का आधार कार्ड प्रस्तुत किया गया था, ताकि तेलंगाना से संबंध दिखाया जा सके। इस पर सॉलिसिटर जनरल ने आपत्ति जताते हुए इसे कानून का दुरुपयोग बताया।

सुप्रीम कोर्ट ने भी इस पर गंभीर टिप्पणी करते हुए कहा कि रिकॉर्ड में प्रस्तुत दस्तावेजों से प्रथम दृष्टया यह प्रतीत होता है कि अधिकार क्षेत्र का अनुचित लाभ उठाने की कोशिश की गई।

सभी दलीलों पर विचार करने के बाद सुप्रीम कोर्ट ने तेलंगाना हाईकोर्ट के आदेश पर तत्काल प्रभाव से रोक लगा दी और मामले में नोटिस जारी कर तीन सप्ताह के भीतर जवाब मांगा है।

गौरतलब है कि असम पुलिस ने पवन खेड़ा के खिलाफ मानहानि, जालसाजी और आपराधिक साजिश के आरोपों में मामला दर्ज किया है। 7 अप्रैल को पुलिस उनकी तलाश में दिल्ली स्थित आवास भी पहुंची थी। इसके बाद खेड़ा ने 10 अप्रैल को तेलंगाना हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी, जहां से उन्हें अस्थायी राहत मिली थी, जो अब सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद स्थगित हो गई है।

सीबीएसई 10 वीं बोर्ड में सेंट सोल्जर का शानदार रिजल्ट

तनु श्री चौधरी ने 93.2% अंक अर्जित कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया



महानगर मेट्रो ब्यूरो

टोंक। सेंट सोल्जर पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने कक्षा 10वीं सीबीएसई बोर्ड परीक्षा में शानदार प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। छात्रा तनु श्री चौधरी ने 93.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर उत्कृष्ट सफलता हासिल की।

विद्यालय की प्रिंसिपल डॉ. शिप्रा बारेगामा ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी कक्षा 10वीं के सभी विद्यार्थियों ने बेहतरीन परिणाम दिए हैं, जिससे पूरे विद्यालय परिवार में हर्ष का माहौल है।

उन्होंने बताया कि तनु श्री चौधरी ने 93.2 प्रतिशत, श्रेयांश मित्तल ने 90 प्रतिशत तथा समुद्र सैनी ने 90 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय को गौरवान्वित किया है।

विद्यालय प्रशासन ने विद्यार्थियों की सफलता का श्रेय उनकी कड़ी मेहनत, शिक्षकों के उचित मार्गदर्शन तथा अभिभावकों के सहयोग को दिया है। इस अवसर पर विद्यालय स्टाफ व अभिभावकों ने सफल विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

पुलिस ने नाबालिग लड़कियों से यौन शोषण और अश्लील वीडियो बनाने वाले को दबोचा

-आरोपी लड़कियों को ब्लैकमेल कर देह व्यापार में धकेलने मुंबई-पुणे ले जाता था

मुंबई (एजेंसी)। महाराष्ट्र के अमरावती जिले में पुलिस ने 180 से ज्यादा नाबालिग लड़कियों के कथित यौन शोषण और उनके 350 से ज्यादा अश्लील वीडियो बनाने के आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक आरोपी लड़कियों को 'लव ट्रैप' में फंसाकर उन्हें मुंबई और पुणे ले जाता था, जहां उनके आपत्तिजनक वीडियो बनाता था। इन वीडियो का इस्तेमाल वह लड़कियों को ब्लैकमेल करने और देह व्यापार में धकेलने के लिए करता था। आशंका है कि इनमें से कुछ वीडियो शेयर भी किए गए हैं।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक जांच में यह भी सामने आया है कि आरोपी अयाज उर्फ तनवीर के रूप में हुई है, जो परतवाड़ा शहर का रहने वाला है. वॉट्सएप और स्नैपचैट जैसे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स के जरिए नाबालिग लड़कियों को निशाना बनाता था। इस मामले की शिकायत बीजेपी सांसद अनिल बोंडे ने एसपी (ग्रामीण) को ज्ञापन सौंपकर की थी। उन्होंने चेतावनी दी थी कि यदि इस मामले में एसआईटी का गठन नहीं किया गया तो वे विरोध प्रदर्शन करेंगे।

मामले की गंभीरता को देखते हुए मुस्लिम समुदाय के लोग भी पुलिस स्टेशन पहुंचे और आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। उन्होंने कहा कि ऐसे अपराधों से पूरे समुदाय की छवि खराब होती है और दोषियों को कड़ी सजा मिलनी चाहिए। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक अयाज पहले एआईएमआईएम से जुड़ा था। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर अदालत में पेश किया, जहां से उसे 7 दिन की हिरासत में भेज दिया गया है। पुलिस अब यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि क्या उसने ये वीडियो किसी और के साथ शेयर किए थे, या वह किसी बड़े आपराधिक नेटवर्क का हिस्सा था।

रिपोर्ट में पुलिस के हवाले से बताया गया है कि सामाजिक बदनामी के डर से अब तक किसी भी पीड़ित या उसके परिवार के सदस्य ने कोई औपचारिक शिकायत दर्ज नहीं कराई है। एसपी ने पीड़ितों के परिवारों से आगे आने की अपील की है और उन्हें भरोसा दिलाया है कि उनकी पहचान गुप्त रखी जाएगी, इसके अलावा, राज्य सरकार उनकी कानूनी और काउंसलिंग सेवाओं का भी ध्यान रखेगी। अमरावती के पालक मंत्री चंद्रशेखर बावनकुले ने कहा कि सीएम देवेंद्र फडणवीस ने भी इस मामले का संज्ञान लिया है।

सुप्रीम कोर्ट में मंदिर पक्ष का तक... धर्म की प्रथा उस समुदाय की आस्था से तय होती, न कि न्यायिक मानकों से

नई दिल्ली (एजेंसी)। केरल के सबरीमाला मंदिर में महिलाओं के प्रवेश को लेकर सुप्रीम कोर्ट में जारी सुनवाई के दौरान धार्मिक अधिकारों और संवैधानिक सीमाओं पर अहम बहस हुई। सबरीमाला मंदिर का प्रबंधन देखने वाले त्रावणकोर देवस्थनम बोर्ड की ओर से वरिष्ठ वकील अभिषेक मनु सिंघवी ने दलील दी कि शीर्ष अदालत को धार्मिक मान्यताओं की सही-गलत की व्याख्या नहीं करनी चाहिए। उनके अनुसार, किसी भी धर्म की प्रथा उस समुदाय की आस्था से तय होती है, न कि न्यायिक मानकों से होती है।

वकील सिंघवी ने कहा कि धर्म मूल रूप से एक सामूहिक विश्वास है, इसलिए कुछ व्यक्तियों के अधिकार पूरे समुदाय की धार्मिक स्वतंत्रता पर हावी नहीं हो सकते। उन्होंने स्पष्ट किया कि धार्मिक अधिकारों पर रोक केवल विधि (कानून) के माध्यम से ही लग सकती है, न कि केवल सरकारी आदेशों या निर्देशों से रोक लगा सकते है। यदि बिना कानून के हस्तक्षेप हुआ, तब इससे सरकार को मनमाने ढंग से धार्मिक स्वतंत्रता में दखल देने का मौका मिल सकता है।

इस मामले की पृष्ठभूमि में केरल हाईकोर्ट का 1991 का फैसला है, इसमें 10 से 50 वर्ष की महिलाओं के प्रवेश पर प्रतिबंध लगाया गया था। इसके बाद में सुप्रीम कोर्ट ने 2018 में इस

प्रतिबंध को भेदभावपूर्ण बताकर हटा दिया। इसके बाद पुनर्विचार याचिकाओं के आधार पर कई संवैधानिक प्रश्नों पर अब विस्तृत बहस हो रही है।

सुनवाई के दौरान न्यायमूर्ति बी वी नागरत्ना ने कहा कि यदि सभी को मंदिर में प्रवेश की अनुमति है, तब अंदर किसी प्रकार का भेदभाव नहीं होना चाहिए। उन्होंने उदाहरण देकर कहा कि अलग-अलग जातियों को अलग स्थानों पर बैठाकर भोजन कराना असमानता का प्रतीक है। इस पर सिंघवी ने जवाब दिया कि कुछ धार्मिक प्रथाएं ऐसी हो सकती हैं, जिसमें दर्शन या पूजा के तरीके अलग हों, और हर स्थिति में कोर्ट हस्तक्षेप नहीं कर सकता।

सुनवाई के दौरान सिंघवी ने तर्क दिया कि अदालत धार्मिक प्रथाओं को अपनी व्याख्या के आधार पर बदल नहीं सकती, यदि वे किसी धर्म का स्थापित और मान्य हिस्सा हैं। हालांकि, यदि कोई प्रथा कानून के विरुद्ध हो या पूरे समुदाय द्वारा मान्य न हो, तब उस पर रोक लग सकती है।

न्यायमूर्ति एम एम सुंदरेश ने सवाल उठाया कि सामाजिक सुधार से जुड़े कानून, जैसे हिंदू उत्तराधिकार कानून, किस आधार पर बनाए गए। वहीं, आर्टिकल 15(3) के तहत महिलाओं के लिए विशेष प्रावधान लागू होने की संभावना पर भी चर्चा हुई। इस पर मंदिर के वकील सिंघवी ने चेतावनी दी कि यदि अदालतें यह तय करने लगें कि कौन-सी धार्मिक प्रथा आवश्यक है और कौन-सी नहीं, तब न्यायपालिका धर्म के मामलों में अत्यधिक हस्तक्षेप करने लगेगी, जिसकी कोई स्पष्ट सीमा नहीं होगी। उन्होंने उदाहरण के तौर पर जैन दिगंबर साधुओं की परंपरा का उल्लेख किया, जो सामान्य सामाजिक दृष्टि से अलग हो सकती है, लेकिन उनके धर्म का अभिन्न हिस्सा है। अंत में न्यायमूर्ति नागरत्ना ने कहा कि इस मामले में ÷संवैधानिक नैतिकता÷ के बजाय ÷सार्वजनिक नैतिकता÷ का पहलू भी महत्वपूर्ण रहेगा। यह पूरा मामला धार्मिक स्वतंत्रता, समानता और न्यायिक सीमाओं के बीच संतुलन स्थापित करने की चुनौती को दर्शाता है।

सत्ता को ठोकर मारकर सिद्धांतों को सर्वोपरि रखना हर किसी के बस की बात नहीं

-जेडीयू नेता बोले-यह साहस, चरित्र, त्याग सिर्फ नीतीश जैसे नेता ही दिखा सकते हैं

पटना (एजेंसी)। बिहार में बुधवार को बीजेपी नेता सम्राट चौधरी ने मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। इससे पहले नीतीश कुमार ने मंगलवार को मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा कर दिया था। इधर नीतीश कुमार के इस्तीफे के बाद जेडीयू ने कहा कि नीतीश कुमार ने सत्ता को ठोकर मारकर सिद्धान्तों को सर्वोपरि रखा। जेडीयू के विधान पार्षद और मुख्य प्रवक्ता नीरज कुमार ने बुधवार को सोशल नेटवर्किंग साइट पर एक पोस्ट के जरिये नीतीश कुमार की जमकर तारीफ की है।

उन्होंने एक्स पर सवाल यह नहीं कि आपने क्या त्याग किया, सवाल यह है कि आपके इस त्याग की चर्चा कौन करे शीर्षक के जरिए नीतीश कुमार की तारीफ करते हुए लिखा, कोई एक दिन के लिए भी त्याग नहीं करता, लेकिन नीतीश कुमार ने सीएम की कुर्सी त्याग कर एक ऐसी मिसाल पेश की है, जो राजनीति के इतिहास में विरले ही देखने को मिलती हैं। उन्होंने लिखा सत्ता को ठोकर मारकर सिद्धांतों को सर्वोपरि रखना हर किसी के बस की बात नहीं।

यह साहस, यह चरित्र, यह त्याग- सिर्फ नीतीश कुमार जैसे नेता ही दिखा सकते हैं।

उन्होंने कहा कि वह दौर- जब 118 नरसंहारों की गूंज थी, जब चरवाहा विद्यालय जैसे प्रयोगों ने शिक्षा का मजाक बना दिया था, जब समाज को जाति और धर्म के नाम पर बांटकर सत्ता की राजनीति की जाती थी, जब गरीब, दलित, पिछड़े और वंचित वर्गों को जानबूझकर विकास से दूर रखा गया। नीरज ने नीतीश सरकार की तारीफ करते हुए कहा कि ऐसे अंधकारमय समय में, नीतीश कुमार ने सिर्फ सरकार नहीं चलाई- उन्होंने व्यवस्था बदली, सोच बदली, समाज को नई दिशा दी। यह वही नेता हैं जिन्होंने केंद्र में अटल बिहारी वाजपेयी की कैबिनेट में अपनी भूमिका निभाई और बिहार लौटकर विकास की नई परिभाषा गढ़ी।

उन्होंने कहा कि सांसद या विधायक बन जाना बड़ी उपलब्धि नहीं है- लेकिन सामाजिक जकड़नों को तोड़ना, भविष्य की पीढ़ियों के लिए रोडमैप बनाना और उसे जमीन पर उतारना, यह असाधारण व्यक्तित्व का व्यक्ति ही कर सकता है। नीरज कुमार ने विश्वास जताते हुए कहा कि यही कारण है कि सात निश्चय केवल योजना नहीं, बल्कि बिहार के भविष्य का विजन है। सवाल उठाने वालों को लेकर कहा कि आज जो लोग सवाल उठाते हैं, उन्हें इतिहास के आईने में खुद को देखना चाहिए। क्योंकि फर्क साफ है- एक तरफ सत्ता के लिए समाज को बांटने की राजनीति और दूसरी तरफ समाज को जोड़ने की कार्यनीति। आपका योगदान महान है, लेकिन आपका त्याग- उससे भी बड़ा है।

पश्चिम बंगाल में बीजेपी सरकार बनी तो घुसपैठियों को करेंगे निकाल बाहर : घोष

अराजकता और उग्र प्रदर्शन किसी भी समस्या का समाधान नहीं

खड़गपुर (एजेंसी)। पश्चित बंगाल चुनाव में बीजेपी नेता और खड़गपुर से उम्मीदवार दिलीप घोष ने सम्राट चौधरी और पीएम मोदी द्वारा बंगाल के लिए घोषित छह गारंटियों पर अपनी प्रतिक्रिया दी है। बिहार एनडीए विधायक दल के नेता के रूप में सम्राट चौधरी के चुने जाने पर घोष ने कहा कि भाजपा सबसे बड़ी पार्टी है। बीजेपी कदम दर कदम आगे बढ़ रही है और लोग उसे वोट दे रहे हैं। बीजेपी सुशासन प्रदान करती है। अपने सहयोगियों से विचार-विमर्श करके निर्णय लेती है।

इंडियन पीएसी कंसल्टिंग प्राइवेट लिमिटेड (आई-पैक) के निदेशक विनेश चंदेल को ईडी द्वारा गिरफ्तार किए जाने पर दिलीप घोष ने कहा कि आई-पैक से जुड़े घोटालों के कई आरोप हैं। कई शिकायतें

पहले ही सामने आ चुकी हैं। जांच जारी है और जैसे-जैसे तथ्य सामने आ रहे हैं, कार्रवाई की जा रही है। ऐसी जांचों के निष्कर्षों के आधार पर गिरफ्तारियां की जाती हैं और जेल भेजा जाता है। घोष ने कहा कि इस बार पश्चिम बंगाल चुनाव बहुत अहम हैं। पीएम मोदी खुद नेतृत्व कर रहे हैं। कार्यकर्ता दिन-रात मेहनत कर रहे हैं, पश्चिम बंगाल में इस बार सत्ता परिवर्तन होगा। ममता बनर्जी ने घुसपैठियों को शरण दी है। बीजेपी सरकार बनते ही घुसपैठियों को बाहर निकाला जाएगा।

इसके पहले मंगलवार को दिलीप घोष ने कहा था कि कोयला, बालू से लेकर गो-तस्करी तक पश्चिम बंगाल में यह एक बड़ी समस्या है। तस्करी के जरिए हजारों करोड़ रुपए कमाए जाते हैं। हिंसा जैसी घटनाओं के बढ़ने के पीछे भी यही पैसा होता है। ऐसे मामलों में जो भी दोषी है, उन्हें न्याय के कटघरे में लाना चाहिए और सजा मिलनी चाहिए। उन्होंने कहा कि पिछली बार की घटनाएं आज भी लोगों को याद हैं। टीएमसी के गुंडों ने लोगों को अभी से डराना शुरू कर दिया है। चुनाव को प्रभावित करने की कोशिश हो रही है।

तेल कंपनियों को हो रहा नुकसान... क्या चुनाव के बाद लोगों को लग सकता बढ़ी कीमत का झटका

नुकसान की भरपाई के लिए पेट्रोल 125 रुपये प्रति लीटर जा सकता

